# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com रायपुर, शनिवार 21 फरवरी 2026



छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25

विश्वास निर्माण गौरव

# विष्णु का सुशासन

समावेशी विकास और जनकल्याण का आधार



**श्री नरेन्द्र मोदी**

माननीय प्रधानमंत्री

## महिला सशक्तीकरण

**महतारी वंदन योजना**
**68.39 लाख** महिलाओं को 24 किस्तों में कुल **₹15,588.36 करोड़** अंतरित

**प्रधानमंत्री उज्जवला योजना**
**37 लाख** से अधिक महिलाएं लाभांवित

**महतारी सदन**
**368 महतारी सदनों** के निर्माण हेतु **₹108.78 करोड़** स्वीकृत

## युवा सशक्तीकरण

**आयु सीमा**
सरकारी नौकरियों में अधिकतम आयु सीमा में **5 वर्ष की छूट**

**पदों पर भर्ती**
**लगभग 32,000** रिक्त शासकीय पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी

**उद्यम क्रांति योजना**
स्वरोज़गार के लिए **50% सब्सिडी** पर ब्याज मुक्त ऋण

## किसान कल्याण

**प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि**
**26 लाख** किसान लाभांवित

**धान**
**₹3100/क्विंटल** और **21 क्विंटल/एकड़** की दर से धान खरीदी

**बैंक राशि**
दो वर्षों में किसानों के खातों में **₹1.50 लाख करोड़** से अधिक की राशि अंतरित

## औद्योगिक विकास

**नई औद्योगिक नीति लागू**
**₹7.83 लाख करोड़** से अधिक का मिला निवेश प्रस्ताव

**औद्योगिक हब**
**नया रायपुर** बन रहा औद्योगिक हब

**चिप यूनिट**
**₹1100 करोड़** की लागत से चिप यूनिट स्थापित

**26 लाख** से अधिक आवास स्वीकृत

**400 से अधिक** प्रशासनिक सुधार से निवेश की राह आसान

पारदर्शिता लाने सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन

**₹51,080 करोड़** से रेल परियोजनाओं का हो रहा क्रियान्वयन

**₹40 हज़ार करोड़** से अधिक लागत से राष्ट्रीय राजमार्गों का हो रहा विकास



सरल, सहज और उदार व्यक्तित्व वाले माननीय मुख्यमंत्री
**श्री विष्णु देव साय जी** को **हार्दिक शुभकामनाएं**

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in


संकल्प की शक्ति,
सेवा का भाव,
समर्पण का विश्वास...
छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री
विनम्र, सरल, सहज
मान. श्री विष्णुदेव साय जी को
जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ
विनीत : समस्त शुभचिंतकगण, छत्तीसगढ़

आनंद का सच्चा भाव®
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹114621/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹139990/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹152813/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
anand® Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
रायपुर, शनिवार 21 फरवरी 2026

# धमतरी में जिला संवाद, विकास पर घिरा सत्ता पक्ष और विपक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

खास खबर

छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले के विकास कार्यों, योजनाओं और जमीनी हकीकत पर मंथन करने के लिए हरिभूमि–आईएनएच का जिला संवाद धमतरी में आयोजित किया गया। संवाद कार्यक्रम का आयोजन हरदिहा साहू समाज भवन में किया गया। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक दावों को कठघरे में खड़ा करते हुए तीखे सवालों की झड़ी लगी। हरिभूमि और आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने बेबाक अंदाज में सवाल दागे। उन्होंने कुरूद विधायक अजय चंद्राकर से सवाल किया कि धमतरी का विकास जिस गति से होना चाहिए, वह क्यों नहीं दिख रहा। स्वीकृत कार्य धरातल पर क्यों नजर नहीं आ रहे। श्री चंद्राकर ने कहा कि बीते कांग्रेस सरकार के पांच साल डार्क ऐज के रहे और विकास प्रभावित हुआ। लेकिन अब विकास पटरी पर आ गया है।

## हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने पूछे तीखे सवाल

- प्रभारी मंत्री टंकराम ने कहा-250 करोड़ के विकास कार्य स्वीकृत हैं, कई निर्माणाधीन
- पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कहा-कांग्रेस के पाच साल डार्क ऐज थे, अब विकास हो रहा
- सांसद रूपकुमारी बोलीं-केंद्र और राज्य सरकार के तालमेल से विकास में तेजी आई

### हरिभूमि–आईएनएच न्यूज का जिला संवाद





### 250 करोड़ रुपए के विकास कार्य स्वीकृत, कई निर्माणाधीन हैं

*जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा से जब डॉ. द्विवेदी ने पूछा कि धमतरी पीछे क्यों रहा और क्या विकास के लिए किसी से पूछने की जरूरत पड़ती है, तो उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ काम हो रहा है। उन्होंने बताया कि 250 करोड़ रुपए के विकास कार्य स्वीकृत हैं, कई निर्माणाधीन हैं। राजस्व विभाग के कार्य ऑनलाइन हो चुके हैं। राइस मिलिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ी है और भुगतान एकमुश्त किया जा रहा है। उन्होंने इसे चुनौती नहीं, बल्कि समयबद्ध कार्यप्रणाली बताया।*

### ऑनलाइन सिस्टम से भ्रष्टाचार पर लगाम लगी है

*सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के तालमेल से धमतरी का विकास तेज हुआ है। उन्होंने भरोसे की सरकार बताते हुए कहा कि ऑनलाइन सिस्टम से भ्रष्टाचार पर लगाम लगी है और विकसित भारत की तर्ज पर धमतरी भी आगे बढ़ रहा है। उन्होंने स्वीकार किया कि चुनावी समीकरण के चलते नगरी-सिहावा और धमतरी विधानसभा में भाजपा को पराजय मिली, जिसका विश्लेषण कर भरपाई की जाएगी।*

### बीते दो वर्षों में धमतरी में तेजी से काम हुए हैं

*पूर्व कैबिनेट मंत्री और कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने जवाब देते हुए कहा कि पिछले पांच साल कांग्रेस सरकार ने विकास ठप रखा, जिसके कारण विकास प्रभावित हुआ। हालांकि उन्होंने दावा किया कि बीते दो वर्षों में धमतरी में तेजी से काम हुए हैं। उन्होंने बताया कि नया ऑडिटोरियम और बस स्टैंड स्वीकृत हो चुके हैं। बड़ी रेललाइन, भारतमाला एक्सप्रेस नेशनल हाईवे, बाईपास रोड और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में कार्य प्रगति पर हैं। मेडिकल कॉलेज को उन्होंने नीतिगत विषय बताते हुए कहा कि इसके लिए लगभग 1000 करोड़ रुपये की आवश्यकता है। श्री चंद्राकर ने कहा कि फोरलेन, रेल कॉरिडोर, आवास, धान खरीदी बोनस और प्रधानमंत्री जन-मन जैसी योजनाएं धरातल पर दिख रही हैं।*

टैरिफ लगाने के अधिकार पर लगाई रोक, व्यापारिक भागीदारों पर व्यापक शुल्क लगाना अवैध

# अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप को दिया जोर का झटका, टैरिफ गैरकानूनी

## 6-3 से लिखे फैसले में निचली अदालत का निर्णय बरकरार

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन


*अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका दिया है। अपने इस फैसले में कोर्ट ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लगाने के अधिकार पर रोक लगा दी है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने इसे गैरकानूनी बताया है।*

फैसले में कहा गया है कि आपातकालीन अधिकार का उपयोग करके अमेरिकी व्यापारिक भागीदारों पर व्यापक शुल्क लगाने का उनका काम अवैध था। इसके साथ ही उसने ट्रंप के व्यापक शुल्क प्रस्तावों को रद्द किया, जिससे उनके आर्थिक एजेंडे के मुख्य आधार को बड़ा झटका लगा। यह ट्रंप के व्यापक एजेंडा का पहला प्रमुख मामला है जो देश की सर्वोच्च अदालत के सामने सीधे आया है।

कंजर्वेटिव मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स द्वारा 6-3 से लिखे फैसले में न्यायाधीशों ने निचली अदालत के उस निर्णय को बनाए रखा जिसके मुताबिक रिपब्लिकन राष्ट्रपति का 1977 के कानून का उपयोग उसके अधिकार क्षेत्र से बाहर था। कंजर्वेटिव मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स द्वारा 6-3 से लिखे फैसले में न्यायाधीशों ने निचली अदालत के उस निर्णय को बनाए रखा जिसके मुताबिक रिपब्लिकन राष्ट्रपति का 1977 के कानून का उपयोग उसके अधिकार क्षेत्र से बाहर था। रॉबर्ट्स ने, ▶▶| शेष पेज 5 पर

### किस देश को कितने डॉलर करने पड़ सकते हैं वापस

अमेरिका ने टैरिफ से जो संभावित 175 अरब डालर जुटाए हैं वह उसे वापस करने पड़ सकते हैं। हालांकि अभी इसको लेकर कोई स्पष्टता नहीं है। यह मामला कोर्ट में लंबित है। अगर ऐसा होता है तो अमेरिका को भारत को 33 अरब, चीन को 205.2 अरब, मेक्सिको को 84.1 अरब, कनाडा 78.8 अरब, जापान 32.3 अरब, जर्मनी 29.9 अरब, वियतनाम 29.8 अरब, दक्षिण कोरिया से 27.9 ▶▶| शेष पेज 5 पर




### कितनी रकम दांव पर?

अर्थशास्त्रियों के अनुसार आईईईपीए के तहत लगाए गए टैरिफ से अब तक 175 अरब डॉलर से ज्यादा की वसूली हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद यह रकम वापस करनी पड़ सकती है। कांग्रेसनल बजट ऑफिस के मुताबिक, यदि सभी मौजूदा टैरिफ अगले 10 साल तक जारी रहते, तो हर साल लगभग 300 अरब डॉलर की आय हो सकती थी।

### इन देशों पर लगाए थे टैरिफ

2 अप्रैल को 'लिबरेशन डे' कहकर ट्रंप ने ज्यादातर व्यापारिक साझेदार देशों पर 'रिसिप्रोकल' यानी जवाबी टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। उन्होंने इसे फेंटानिल और अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़ा राष्ट्रीय आपातकाल बताया था। ट्रंप ने टैरिफ का इस्तेमाल दूसरे देशों पर दबाव बनाने के लिए भी किया। इसमें ब्राजील द्वारा पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो पर मुकदमा चलाना, भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद और कनाडा के ओंटारियो प्रांत का एंटी-टैरिफ विज्ञापन जैसे मुद्दे शामिल थे।

## भड़के ट्रंप, बोले- अब दुनियाभर में लगाएंगे 10% अतिरिक्त टैरिफ

ट्रंप ने वाशिंगटन में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को निराशाजनक और शर्मनाक बताया। उन्होंने कहा कि कुछ जजों ने विदेशी ताकतों के दबाव में आकर उनके आपातकालीन अधिकारों का इस्तेमाल रोक दिया। ट्रंप ने कहा, 'मुझे किसी भी देश के साथ सभी व्यापार बंद करने का अधिकार है। मुझे एम्बार्गो लगाने की अनुमति है। मैं जो चाहूं वो कर सकता हूं, लेकिन कोर्ट कह रहा है कि मैं पैसे (टैरिफ) नहीं वसूल सकता। अब मैं और भी मजबूत दिशा में आगे बढ़ूंगा। ट्रंप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्पष्ट किया कि वे इस फैसले के बावजूद अपने व्यापारिक एजेंडे से पीछे नहीं हटेंगे और दुनिया भर के देशों में 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाएंगे।

### कोई भी कदम उठा सकता हूं

*ट्रंप ने यह भी स्पष्ट किया कि उनके राष्ट्रीय सुरक्षा टैरिफ, जो सेक्शन 301 के तहत लागू हैं, अब भी पूरी तरह प्रभावी हैं। उन्होंने कहा, 'मैं अमेरिका की सुरक्षा और आर्थिक हितों की रक्षा के लिए किसी भी कदम को उठाने में सक्षम हूं। टैरिफ पर अन्य विकल्प इस्तेमाल किए जाएंगे और शायद हम और अधिक पैसा जुटाएँ। ट्रंप ने कहा कि भारत से चल रही ट्रेड डील में कोई बदलाव नहीं होगा।*

### कोर्ट के फैसले पर और क्या बोले ट्रम्प

ट्रंप ने कहा कि उन्हें कोर्ट के कुछ जजों पर शर्म आ रही है। वे देश के लिए कलंक हैं, उनमें हमारे देश के लिए सही काम करने की हिम्मत नहीं है। 2024 के चुनाव में मैं लाखों वोटों से जीता। ऐसा लगता है कुछ जजों को इसी बात से डर लगता है कि लोग मेरा इतना सपोर्ट क्यों करते हैं। इसीलिए वे (जज) सही से काम नहीं करना चाह रहे। जो विदेशी हमें सालों से लूट रहे हैं, वे बहुत खुश हैं। वे सड़कों पर नाच रहे हैं लेकिन ऐसा ज्यादा देर तक नहीं रहने वाला। अमेरिका ने अरबों डॉलर का जो टैरिफ रेवेन्यू लिया है क्या उसे रिफंड करेंगे। इस सवाल का जवाब देते हुए ट्रम्प ने कहा- इस पर कोई बात नहीं हुई है। लगता है ये मामला कोर्ट में ही रहेगा।

चलेगा वॉशेबल एप्रन का कार्य

# 3 मई से 10 पैसेंजर ट्रेनें 20 दिन रहेंगी रद्द, रायपुर से इतवारी के यात्रियों को होगा कष्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में रेलवे विकास कार्यों से ट्रेन रद्द होने का सिलसिला जारी है। बीते दिनों एक्सप्रेस ट्रेनों के रद्द होने के बाद अब रेलवे ने गोंदिया स्टेशन में वॉशेबल एप्रन निर्माण कार्य कारण रायपुर से गुजरने वाली 10 ट्रेनों को रद्द करने का फैसला लिया है। बता दें कि इस कार्य से पैसेजर ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होगा। यह कार्य 3 से 22 मई तक चलेगा, जिसमें रायपुर से इतवारी जाने वाली पैसेंजर ट्रेनों को रद्द किया गया है। कुछ ट्रेन गोंदिया व डोंगरगढ़ से भी रद्द की गई हैं।

**परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाड़ी:** 02, 04, 06, 09, 11, 13, 16 एवं 18 मई, को रीवा से छूटने वाली 11754 रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) ▶▶| शेष पेज 5 पर

### रद्द होने वाली ट्रेन

- 03 से 22 मई, तक टाटानगर से छूटने वाली 18109 टाटानगर-नेताज चंद्र बोस (इतवारी) एक्सप्रेस नहीं चलेगी
- 05 से 24 मई, तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से छूटने वाली 18109 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-टाटानगर एक्सप्रेस नहीं चलेगी।
- 03 से 22 मई, तक डोंगरगढ़ से छूटने वाली 68711 डोंगरगढ़-गोंदिया पैसेंजर नहीं चलेगी।
- 03 से 22 मई, तक गोंदिया से छूटने वाली 68712 गोंदिया-डोंगरगढ़ पैसेंजर नहीं चलेगी।
- 03 से 22 मई, तक गोंदिया से छूटने वाली 68713

▶▶| शेष पेज 5 पर

भीषण सड़क हादसा

# आमने सामने की टक्कर में तीन की मौके पर मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/साजा

दुर्ग-बेमेतरा मुख्य मार्ग पर शुक्रवार देर रात एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया, जिसमें तीन युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दुर्घटना में बुडेरा निवासी संतोष धुर्वे (45), रोहित राम (45) व परसदा निवासी आनंद निषाद की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय बेमेतरा भेजा गया है, जहां उनका इलाज जारी है।



### 12वीं के छात्र की हादसे में गई जान

सेदम (अंबिकापुर)। बोर्ड परीक्षा के पहले दिन शुक्रवार को भीषण सड़क हादसे में बेलकोटा निवासी छात्र मिशाक एक्का की मौके पर मौत हो गई जबकि बतौली क्षेत्र के ग्राम झेराडीह निवासी अनिकेश तिवारी आ. कुलदीप तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों कक्षा 12वीं के छात्र हैं। दोनों स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पढ़ाई करते है।

## परीक्षा की चिंता के मध्य संस्कृति-सद्भावना का सुंदर मिश्रण...



*रायपुर। छग माध्यमिक शिक्षा मंडल की बारहवीं बोर्ड की परीक्षाएं शुक्रवार से प्रारंभ हो गई। दसवीं की परीक्षाएं आज से शुरू होंगी। पहले दिन बारहवीं कक्षा की भूगोल और भौतिक शास्त्र की परीक्षा थी। केंद्रों में छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। परीक्षार्थी अपने शिक्षकों का आशीष लेते नजर आए। राजधानी रायपुर के प्रो.जेएन पांडेय विद्यालय में रमजान के पाक माह में छात्रा हिजाब पहनकर परीक्षा दिलाने पहुंची थी। अन्य बच्चों संग उसका भी स्वागत तिलक लगाकर किया गया। बारहवीं की परीक्षा में इस बार 2 लाख 46 हजार तथा दसवीं की परीक्षा में 3 लाख 21 हजार छात्र शामिल हो रहे हैं।*




जन्म दिवस पर विशेष

राजनीति में हासिल की बेमिसाल उपलब्धियां

# बगिया के पंच से लेकर सीएम तक..., सरलता और सहजता के साथ पाई सियासी सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का 21 फरवरी को जन्म दिवस है। जशपुर जिले के गांव बगिया से पहली बार पंच के रूप में निर्वाचित होने वाले श्री साय ने छत्तीसगढ़ की राजनीति में जो मुकाम हासिल किया है वह बेमिसाल है। श्री साय ने तत्कालीन अविभाजित मध्यप्रदेश में सन 1989 में बगिया ग्राम पंचायत के पंच के रूप में अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। सांसद के रूप में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने वाले श्री साय केंद्रीय मंत्रिमंडल का हिस्सा भी रहे हैं और अपनी सहज सरल छवि के बूते प्रदेश के पहले निर्वाचित अदिवासी मुख्यमंत्री बने।

विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और मध्यभारत के वरिष्ठ आदिवासी नेता हैं। उन्होंने 13 दिसंबर 2023 को छत्तीसगढ़ ▶▶| शेष पेज 5 पर



### राजनीतिक विरासत

विष्णु देव साय आदिवासी कंवर समाज से आते हैं। वे मूलतः किसान परिवार से हैं, उनका परिवार लंबे समय से राजनीति से जुड़ा हुआ है। परिवार के राजनीतिक अनुभवों का लाभ श्री साय को मिला है। उनके बड़े पिताजी स्व. नरहरि प्रसाद साय एवं स्व. केदारनाथ साय की पहचान कुशल राजनेताओं के रूप में रही है। स्वर्गीय नरहरि प्रसाद साय सन 1962 से 1967 तक लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र एवं सन ▶▶| शेष पेज 5 पर

### आदिवासी समाज के लिए योगदान

विष्णु देव साय की सामाजिक कार्यों में गहरी रुचि तथा सक्रियता रही है। उन्होंने आदिवासी समाज की शिक्षा तथा आदिवासी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विकास की दिशा में अनेक कार्य किए हैं। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजातियों के जीवनस्तर में सुधार के लिए लगातार कार्य किया। श्री साय भगवान श्रीराम के प्रति अगाध श्रद्धा रखते हैं। वे ▶▶| शेष पेज 5 पर

### बगिया से पंच के रूप में राजनीतिक शुरुआत

श्री साय ने तत्कालीन अविभाजित मध्यप्रदेश में सन 1989 में बगिया ग्राम पंचायत के पंच के रूप में अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। सन 1990 में ग्राम पंचायत बगिया के निर्विरोध सरपंच चुने गए। 1990 में पहली बार तपकरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक बने। विष्णु देव साय सन 1990 से सन 1998 तक तत्कालीन मध्यप्रदेश के तपकरा विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक रहे। रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सन 1999 से लगातार 4 बार सांसद चुने गए। सन 1999 में 13वीं ▶▶| शेष पेज 5 पर

# ब्रिटेन ने अमेरिका को एयरबेस देने से किया इनकार, ट्रंप नाराज

**ब्रिटेन की कीएर स्टार्मर सरकार ने ईरान पर संभावित हमलों के लिए ब्रिटिश वायु सेना (आरएएफ) के ठिकानों का इस्तेमाल करने के अमेरिकी अनुरोध को ठुकरा दिया है। इस फैसले के बाद ब्रिटेन और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ने की आशंका है, जिसका सीधा असर चागोस द्वीप समूह के भविष्य पर पड़ सकता है।**

एजेंसी ▶▶| लंदन

अमेरिका और ईरान बीच सैन्य तनाव चरम पर है। इसके चलते मिडिल ईस्ट में महायुद्ध जैसे हालात बने हुए हैं। इस बीच ब्रिटिश सरकार ने अमेरिका के अनुरोध को यह कहते हुए इनकार कर दिया कि इस तरह के हमले में भागीदारी अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन हो सकता है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ब्रिटेन ने विशेष रूप से ग्लॉस्टरशायर के पास स्थित रॉयल एयर फोर्स बेस फैयरफोर्ड और हिन्द महासागर में स्थित डियेगो गार्सिया को इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी. ये सैन्य ठिकाने संयुक्त रूप से ब्रिटेन और अमेरिका द्वारा उपयोग किए जाते रहे हैं, लेकिन किसी भी हमले के लिए औपचारिक अनुमति देना आवश्यक है।

- दोनों सहयोगी राष्ट्रों के बीच तनाव बढ़ने की आशंका

### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का कड़ा रुख

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिटिश सरकार के इस रुख की कड़ी आलोचना की है और कहा है कि अमेरिका को डियेगो गार्सिया तथा फैयरफोर्ड जैसे ठिकानों की आवश्यकता हो सकती है ताकि ईरान से संभावित सुरक्षा खतरों का सामना किया जा सके। उन्होंने ब्रिटिश प्रधानमंत्री की योजना पर गंभीर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा है कि यह गलत फैसला हो सकता है।

### अंतरराष्ट्रीय कानून का करेंगे पालन

*ब्रिटिश सरकार ने स्पष्ट किया है कि किसी भी सैन्य कार्यवाही में भाग लेने से पहले वह अंतरराष्ट्रीय कानून और अपनी नीतियों का कठोर पालन करेगी। उसने यह भी कहा है कि पिछले वर्षों में उसने अमेरिका के ईरान पर सीधे हमलों में प्रत्यक्ष भागीदारी करने से इनकार किया है और केवल अपनी संपत्तियों और सहयोगी बलों की रक्षा तक ही अपनी भूमिका सीमित रखी है।*



### क्या है चागोस द्वीप समूह विवाद

यह विवाद ब्रिटेन की चागोस द्वीप समूह को मॉरिशस को सौंपने की योजना के इर्द-गिर्द जारी बातचीत से भी जुड़ा हुआ है। ब्रिटेन इस द्वीप समूह को मॉरीशस को सौंपने और डिएगो गार्सिया को 99 साल के लिए लीज पर वापस लेने की योजना बना रहा है, जिसके लिए 35 बिलियन पाउंड की राशि की चर्चा है। डिएगो गार्सिया यूके-यूएस का ज्वाइंट मिलिस्ट्री बेस बना रहेगा। यह हिंद महासागर में स्थित एक अत्यंत महत्वपूर्ण सामरिक बेस है। ब्रिटेन और अमेरिका के बीच डियेगो गार्सिया बेस पर लंबे समय से साझेदारी रही है और इसके माध्यम से दोनों देशों को मध्य पूर्व तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सैन्य संचालन में सहयोग मिला है। मौजूदा संधियों के तहत डिएगो गार्सिया से हमले के लिए अमेरिका को केवल ब्रिटेन को सूचित करने की आवश्यकता है, लेकिन आरएएफ बेस के उपयोग के लिए स्पष्ट अनुमति अनिवार्य है। लेकिन मॉरिशस के साथ ब्रिटेन के सौदे पर ट्रंप ने नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे बड़ा गलती बताया था।

### इधर, ट्रम्प ने किया मैक्रों का मैसेज लीक, छिड़ा विवाद

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि देशों के बीच रिश्तों में सम्मान बहुत जरूरी होता है। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दोनों नेताओं के बीच हुए प्राइवेट मैसेज लीक कर दिए। भारत के तीन दिन के दौरे पर आए मैक्रों ने भारतीय पॉडकास्टर राज शमानी के शो में यह बात कही। उनसे पूछा गया कि उनके निजी मैसेज लीक होने पर उन्हें कैसा लगा। इस पर मैक्रों ने सीधे ट्रम्प का नाम लेकर कुछ नहीं कहा, लेकिन इतना जरूर कहा कि कूटनीति में एक-दूसरे का सम्मान जरूरी है। मैक्रों ने कहा कि देश आपस में सहमत हों या असहमत, लेकिन अपनी बात सम्मान के साथ रखनी चाहिए। असहमति जताना गलत नहीं है, लेकिन उसका तरीका सही होना चाहिए। मैक्रों ने ट्रम्प पर तंज कसते हुए कहा कि कुछ नेता आगे बढ़ने के बजाए पीछे जाते हुए दिख रहे हैं। ट्रम्प ने 20 जनवरी को मैक्रों का निजी मैसेज लीक किया था। उस मैसेज में मैक्रों ने ट्रम्प से कहा था कि वे समझ नहीं पा रहे हैं कि ट्रम्प ग्रीनलैंड को लेकर क्या करना चाहते हैं।

## खबर संक्षेप

### एप्स्टीन फाइल : पूर्व राजकुमार एंड्रयू रिहा



**लंदन।** ब्रिटेन के किंग चार्ल्स के भाई और पूर्व राजकुमार एंड्रयू माउंटबेटेन-विंडर को रिहा कर दिया गया है। गुरुवार को पुलिस ने एंड्रयू को उनके 66वें जन्मदिन पर पद के दुरुपयोग के चलते गिरफ्तार किया था। पुलिस ने यह जानकारी दी। टेम्स वैली पुलिस बल ने बताया कि पूर्व राजकुमार को गुरुवार शाम को रिहा किया गया। एंड्रयू को गुरुवार तड़के उनके घर से उन जांचकर्ताओं ने गिरफ्तार किया था जो जेफ्री एप्स्टीन से उनके संबंधों की जांच कर रहे हैं।

### यूपी : शिक्षामित्रों को मिलेगा 18 हजार मानदेय



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि अप्रैल 2026 से शिक्षामित्रों को 18,000 प्रति माह मानदेय दिया जाएगा। अभी तक उन्हें 10,000 मिलते थे। यह बढ़ी हुई राशि 1 अप्रैल 2026 से लागू होगी। सीएम ने बताया कि अनुदेशकों का मानदेय भी बढ़ाकर 17,000 प्रति माह कर दिया गया है। इसके साथ ही शिक्षकों को 5 लाख तक कैशलेस इलाज की सुविधा दी जाएगी। प्रदेश में करीब डेढ़ लाख शिक्षामित्र संविदा पर काम कर रहे हैं।

### बिटकॉइन स्कैम : राज कुंद्रा को मिली जमानत



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के पति और फेमस बिजनेसमैन राज कुंद्रा के लिए राहत की बड़ी खबर सामने आई है। मुंबई की स्पेशल पीएमएलए (पीएमएलए) कोर्ट ने करोड़ों रुपये के कथित बिटकॉइन स्कैम से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राज कुंद्रा को जमानत दे दी है। बता दें कि पिछले काफी समय से इस कानूनी पेचीदगी को लेकर कुंद्रा चर्चा में थे, लेकिन अब कोर्ट के इस फैसले ने उन्हें फिलहाल बड़ी राहत पहुंचा दी है। इस मामले में उन पर 150 करोड़ रुपये के हेरफेर के आरोप लगे थे, जिसकी जांच ईडी कर रही थी।

### विद्रोही संगठन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने जारी किया वीडियो

# बलूचों की कैद में रो रहे मुनीर के सैनिक बोले, पाक सरकार को हमारी परवाह नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान में जो हालात चल रहे हैं, वो किसी से छिपे नहीं हैं। यहां न सिर्फ बीएलए ने पाकिस्तानी फौज के दांत खट्टे कर रखे हैं बल्कि कई सैनिकों को अपने कब्जे में भी ले रखा है। विद्रोही संगठन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने एक वीडियो भी जारी किया है। इस वीडियो में कुछ पाकिस्तानी सैनिक घुटनों के बल बैठे नजर आ रहे हैं और अपनी जान बख्शने की भीख मांग रहे हैं। बीएलए के मीडिया विंग हक्काल मीडिया की ओर से वीडियो जारी किया गया है।

**रोते सैनिक बोले- हम पाकिस्तान के लिए लड़ते रहे, लेकिन आज सेना हमें अपना नहीं मान रही**

**पाक सरकार ने कहा था- उसका कोई भी सैनिक नहीं है लापता**



### यह कह रहा रोते हुए सैनिक

वीडियो में एक सैनिक रोते हुए कह रहा है कि वह पाकिस्तान के लिए लड़ता रहा, लेकिन आज सेना उसे अपना नहीं मान रही। सैनिक कह रहा है- 'मेरे पास पाकिस्तानी सेना का आईडी कार्ड है, फिर क्यों कहा जा रहा है कि मैं पाकिस्तानी सैनिक नहीं हूं।' वीडियो में बेतहाशा रो रहे सैनिक अपील कर रहे हैं कि उन्हें किसी तरह से छुड़ा लिया जाए। यह वीडियो पाकिस्तान की सेना के उस बयान को सीधी चुनौती देता है, जिसमें कहा गया था कि उसके कोई भी सैनिक लापता नहीं हैं और न ही किसी उग्रवादी संगठन की हिरासत में हैं।

### दशकों से चल रहा आंदोलन

बलूचिस्तान में कई दशकों से विद्रोही आंदोलन चल रहा है। विद्रोही संगठन राजनीतिक उपेक्षा और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन को लेकर असंतोष जताते रहे हैं। हाल के वर्षों में हिंसा बढ़ी है, जिसमें सड़क किनारे बम धमाके, सुरक्षा काफिलों पर हमले और सरकारी प्रतिष्ठानों पर बड़े हमले शामिल हैं। मार्च, 2025 में बीएलए पर जाफर एक्सप्रेस ट्रेन हाईजैक करने का भी आरोप लगा था, जिससे देश की सुरक्षा चिंताएं और बढ़ गई थीं। पाकिस्तान सरकार बीएलए को उग्रवादी संगठन मानकर बातचीत से इनकार करती है।

### पाकिस्तान की कोई टिप्पणी नहीं

पाकिस्तानी सेना और सरकार ने अब तक इस वीडियो या दावों पर कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं की है। कई रिपोर्ट्स में कहा गया है कि सेना ने इन सैनिकों को 'अपना' मानने से इनकार किया है, जिससे बीएलए इसे प्रोपेगेंडा के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है। वीडियो को बलूचिस्तान पोस्ट जैसे इंडिपेंडेंट न्यूज पोर्टल और बीएलए के ऑफिशियल चैनल हक्काल के जरिए सोशल मीडिया पर शेयर किया गया है। यह वीडियो बलूचिस्तान में लंबे समय से चल रहे अलगाववादी आंदोलन को हवा दे रहा है।

### 17 पाकिस्तानी सुरक्षा कर्मियों को पकड़ा था

*हिंदुस्तान की रिपोर्ट की मुताबिक, बीएलए का दावा है कि उसने ऑपरेशन हीरोफ 2.0 के दौरान कुल 17 पाकिस्तानी सुरक्षा कर्मियों को पकड़ा था। शुरुआती जांच के बाद 10 को रिहा कर दिया गया, लेकिन 7 सैनिक अभी भी उनकी हिरासत में हैं। संगठन ने पाकिस्तान सरकार को अपने कैदियों की रिहाई के बदले इन सैनिकों की अदला-बदली का प्रस्ताव दिया था और इसके लिए 7 दिन की समय-सीमा तय की थी। पाकिस्तान सरकार को 22 फरवरी तक का वक्त दिया गया है। इस नए वीडियो में बीएलए ने कहा है कि समय-सीमा में अब सिर्फ कुछ दिन बचे हैं। वे इसे पाकिस्तानी सेना पर तंज कसने के तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं, क्योंकि पाकिस्तान की ओर से इन सैनिकों के गायब होने या हिरासत में होने की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।*

### कोर्ट में पेश होकर बोले राहुल गांधी

# हाइलाइट होने के लिए मुझ पर केस, सीडी से भी छेड़छाड़



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गृह मंत्री अमित शाह को लेकर दिए गए बयान और मानहानि के मुकदमे में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को अपने पक्ष रखने के लिए यूपी की सुल्तानपुर कोर्ट में पेश हुए। राहुल गांधी ने कोर्ट में कहा कि राजनीतिक द्वेष की भावना से मेरी और मेरी पार्टी की छवि धूमिल करने के लिए सत्ता पक्ष की तरफ से यह साजिश रची गई है।

राहुल ने कहा कि सीडी सत्यापित नहीं है, इसमें छेड़छाड़ की गई है। मेरे ऊपर लगाए गए सारे आरोप गलत और बेबुनियाद हैं। मेरे बयान को तोड़मरोड़ कर पेश किया गया है। कहा कि मेरा आशय किसी का अपमान करने का नहीं था। कहा कि हमारी छवि खराब करने के लिए दुर्भावना वश केवल हाईलाइट होने के लिए मेरे खिलाफ यह मुकदमा दायर किया गया है। राहुल गांधी के साथ इस दौरान कोर्ट में अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल के अलावा राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी, यूपी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, प्रदेश महासचिव विवेकानंद पाठक व अन्य लोग भी मौजूद रहे।

### परिवाद हुआ था दायर

भाजपा नेता विजय मिश्रा ने राहुल गांधी के खिलाफ परिवाद दायर किया था। पिछली सुनवाई में अदालत ने उन्हे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर बयान दर्ज कराने का अंतिम मौका दिया था। फिलहाल राहुल गांधी इस मामले में जमानत पर हैं। राहुल की पेशी को देखते हुए कोर्ट के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल की पहले से तैनाती की गई थी। बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता भी इस दौरान कोर्ट के बाहर पहुंचे। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल ने बताया कि उनका बयान कोर्ट नंबर 19 में हुई है। अब अगली सुनवाई 9 मार्च को होगी।

### 9 मार्च को होगी अगली सुनवाई

राहुल गांधी पर परिवाद दाखिल कराने वाले विजय मिश्रा के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने कहा कि 2018 में राहुल गांधी ने बंगलुरु की प्रेस कांफ्रेंस में अमित शाह को हत्या का अभियुक्त बताया था। इसी से क्षुब्ध होकर विजय मिश्रा ने परिवाद दाखिल किया था। प्रथमदृष्टया कोर्ट ने केस को स्वीकार किया था। 313 के मामले में स्वयं उपस्थित होना था। आज वह खुद उपस्थित हुए और कहा कि इस बारे में हम साक्ष्य उपलब्ध कराएंगे। राहुल गांधी ने सभी आरोपों से इनकार किया है। अपने पक्ष में बयान और सफाई साक्ष्य उन्हें उपलब्ध कराना होगा। इसके लिए जो भी दस्तावेज हों वह दाखिल कर सकते हैं। यह भी कहा कि मेरा केस बहुत मजबूत है। इस मामले में दो साल तक की सजा का प्रावधान है।

# कहीं पथराव कहीं आग, शिवाजी जयंती पर 3 राज्यों में तनाव

**वर्तमान में नियंत्रण में बताई जा रही स्थिति**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के तीन अलग-अलग राज्यों कर्नाटक, मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश में पिछले 24 घंटों के भीतर सांप्रदायिक तनाव की खबरें सामने आई हैं। शिवाजी जयंती के जुलूस और धार्मिक प्रार्थनाओं के दौरान हुई इन झड़पों ने प्रशासन की नींद उड़ा दी है। हालांकि पुलिस की मुस्तैदी के कारण किसी भी अप्रिय घटना की खबर नहीं है और वर्तमान में तीनों स्थानों पर स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है।




### एमपी में मंदिर परिसर में तोड़फोड़ के बाद बवाल

जबलपुर के संवेदनशील सिहोरा तहसील में गुरुवार रात उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जब एक दुर्गा मंदिर परिसर में कथित तौर पर तोड़फोड़ की गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, विवाद तब शुरू हुआ जब मंदिर में शाम की आरती और पास की मस्जिद में नमाज का समय एक ही था। एक युवक ने कथित तौर पर मंदिर की ग्रिल को नुकसान पहुंचाया, जिससे दो समूहों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और पत्थरबाजी शुरू हो गई।

**कर्नाटक में जुलूस पर पथराव, एसपी घायल :** कर्नाटक के बागलकोट में शिवाजी जयंती के जुलूस के दौरान हिंसा भड़क उठी। जब यह जुलूस पंका मस्जिद के सामने से गुजर रहा था, तब कथित तौर पर पथराव किया गया। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, मस्जिद के पास डीजे पर 'मंदिर बनाएंगे' जैसे गाने बजाने को लेकर मुस्लिम पक्ष ने आपत्ति जताई थी, जिसके बाद तनाव बढ़ा।

### आंध्र प्रदेश में नारेबाजी पर विवाद

हैदराबाद के अंबरपेट इलाके में भी शिवाजी जयंती के जुलूस और रमजान की प्रार्थना के दौरान झड़प देखने को मिली। जब जुलूस एक मस्जिद के पास से गुजर रहा था, तब वहां मौजूद लोगों ने तेज संगीत और नारेबाजी पर आपत्ति जताई। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस और धक्का-मुक्की हुई। अंबरपेट की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत हस्तक्षेप किया। किसी के घायल होने या संपत्ति के नुकसान की खबर नहीं है।




### अफगानिस्तान में तालिबान का आया नया कानून

# पति को पत्नी को मारने की खुली छूट, बस हड्डी न टूटे

एजेंसी ▶▶| काबुल

अफगानिस्तान में जब से तालिबान का शासन आया है महिलाओं के ख़िलाफ़ और सख्त से सख्त क़ानून लाए जा रहे हैं। महिलाओं के मानवाधिकार का घोर उल्लंघन किया जा रहा है। अब तो एक ऐसा नया क़ानून लाया गया है जिसमें महिलाओं को 'गुलाम' के बराबर मानने का प्रावधान है। तालिबान के दंड संहिता में पति को पत्नी को मारने की छूट दी गई है। बस हड्डी न टूटे और खुला घाव न हो इसका ध्यान रखना होगा।

**दुनियाभर के मानवाधिकार संगठन हुए हैरान**

इतना ही नहीं, घरेलू हिंसा साबित करने पर भी पति को अधिकतम 15 दिन की सजा हो सकती है। तालिबान की ओर से शासित अफगानिस्तान में एक नई दंड संहिता लागू की गई है, जो करीब 90 पेजों का दस्तावेज है। इस संहिता पर तालिबान के सर्वोच्च नेता हिबतुल्लाह अखुंदजादा के हस्ताक्षर हैं और इसे जल्द ही अदालतों में वितरित किया जाएगा। महिलाओं को शिकायत का अधिकार तो है, लेकिन इसके लिए कड़ी शर्तें रखी गई हैं, जैसे घावों का अदालत में दिखाना और पति या पुरुष संरक्षक के साथ आना।



### ऐसे तय होगी सजा

नए कानून के तहत अपराध की सजा व्यक्ति की सामाजिक स्थिति के अनुसार तय होगी। यदि कोई धार्मिक विद्वान अपराध करता है तो उसे केवल चेतावनी या सलाह दी जाएगी। सामाजिक अभिजात वर्ग के सदस्यों को अदालत में बुलाया जा सकता है, जबकि मध्यम वर्ग को जेल की सजा हो सकती है। निचले वर्ग के लिए जेल के साथ-साथ शारीरिक दंड का भी प्रावधान है। महिलाओं को इस कानून में 'गुलाम' के समान दर्जा दिया गया है। पति या 'मालिक' को सीमित सजा देने की छूट दी गई है, बशर्ते हड्डी न टूटे और खुला घाव न हो. इस प्रावधान पर महिला अधिकार संगठन गंभीर चिंता जताते हैं।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

नक्सल प्रभावित जिलों की **कहानी-1**

फोर्स चाहती है सरेंडर करें नक्सली, नक्सली चाहते हैं साथियों की मौत का बदला

बीते साल 2025 में 51 नक्सलियों ने सरेंडर किया, 10 नक्सली मारे गए

# कांकेर में बचे केवल 24 नक्सली, चंदर और रूपी मोस्ट वांटेड, एसपी ने कहा- जल्द खत्म कर देंगे

कांकेर से गौरव श्रीवास्तव

खास खबर

नक्सलवाद के खात्मे की डेडलाइन में अब कुछ ही दिन शेष हैं। केंद्र ने छत्तीसगढ़ में छह जिलों को नक्सल प्रभावित माना है। इनमें कांकेर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और सुकमा शामिल हैं। गरियाबंद जिले को भी नक्सल प्रभावित माना गया है। ऐसे में अब बस्तर संभाग के 5 जिले ही नक्सल प्रभावित हैं। कांकेर में फोर्स ने नक्सलियों के खिलाफ सफल अभियान चलाया है और कई दुर्दांत नक्सलियों को एनकाउंटर में मार गिराया था। बीते साल 2025 में 51 नक्सलियों ने सरेंडर किया है और फोर्स ने 10 नक्सली मार गिराए हैं। इसके बाद भी कांकेर अभी ▶▶|शेष पेज 5 पर

## गढ़चिरौली में मारा गया था कांकेर में सक्रिय फागू

हाल ही में महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में हुई मुठभेड़ में कांकेर में सक्रिय नक्सली फागू मारा गया था,जो कि कंपनी नंबर 5 का कमांडर था, इसके मारे जाने के बाद पुलिस को उम्मीद थी कि शेष बचे नक्सली जल्द सरेंडर कर देंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ, जिसके बाद एक बार फिर ऑपरेशन तेज कर दिया गया है, पुलिस का कहना है कि नक्सली सरेंडर कर दे इसकी भरसक कोशिश की जा रही है, लेकिन यदि नक्सली सरेंडर नहीं करते है तो जवान उनसे निपटने लगातार ऑपरेशन चला ही रहे है।





## नक्सलियों की चल रही लुकाछुपी

कांकेर का इलाका माड़ और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले से लगता है, फोर्स के लगातार ऑपरेशन से नक्सली बुरी तरह घबराए हुए है और जंगलों में मारे मारे फिर रहे है, कांकेर की तरफ से दबाव बनने पर नक्सली माड़ होते हुए नारायणपुर और महाराष्ट्र में प्रवेश कर जाते है और उस इलाके से दबाव बनने पर कांकेर की ओर रुख करते है, लेकिन अब लगातार पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन से नक्सलियों की ▶▶|शेष पेज 5 पर

## नक्सलियों को चाहिए साथियों की मौत का बदला

*सूत्र बताते है कि कई नक्सली अपने मारे गए साथियों का बदला लेने अब भी जंगलों में भटक रहे हैं, जिसमें कांकेर जिले में सक्रिय एसीएम रूपी जो कि कुख्यात नक्सली विजय रेड्डी की पत्नी है, जिसे पुलिस ने बीते साल मोहला मानपुर के जंगलों में मुठभेड़ मार गिराया था, रूपी अपने पति की मौत के बाद ना खुद सरेंडर कर रही है ना अपने साथियों को सरेंडर करने दे रही है ,इसी तरह कुछ और नक्सली भी अपने करीबियों की मौत का बदला लेना चाहते है, लेकिन फोर्स के आगे बेबस नक्सली खुद की जान बचाते फिर रहे है। आला अधिकारी चाहते हैं कि नक्सली सरेंडर कर दें, नहीं तो उन्हें एनकाउंटर में मार दिया जाएगा।*

एसपी ने कहा सरेंडर करें या मारे जाएंगे

## जल्द ही होगा खात्मा : एसपी कांकेर

*इस मामले में कांकेर के एसपी निखिल राखेचा का कहना है कि कांकेर जिले में अब सिर्फ 24 नक्सली सक्रिय हैं, फोर्स लगातार ऑपरेशन चला रही है, यदि नक्सली सरेंडर करने आगे आते हैं तो उनका स्वागत किया जाएगा, लेकिन यदि वो नहीं मानते है तो फोर्स अपने हिसाब से काम करेगी, 31 मार्च 2026 में अब समय काफी कम है, जल्द ही नक्सलवाद का खात्मा पूर्ण रूप से हो जाएगा।*

## पीएम के खिलाफ नारेबाजी के बाद पुलिस ने दबोचा

# एआई समिट में यूथ कांग्रेस के 'अर्धनग्न प्रदर्शन' पर बवाल, भाजपा बोली- राहुल के घर बना प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत में आयोजित हाई-प्रोफाइल 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' (एआई समिट) के दौरान यूथ कांग्रेस द्वारा अर्धनग्न प्रदर्शन ने देश की राजनीति में भूचाल ला दिया है। खासकर राहुल गांधी की एक तस्वीर प्रदर्शन के कथित आयोजक नरसिम्हा यादव के साथ सामने आने के बाद विवाद और गहरा गया है। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा- यह संयोग नहीं, बल्कि एक प्रयोग था। इसकी प्लानिंग राहुल गांधी के आवास पर बनाई गई थी, जहां सोनिया और प्रियंका मौजूद थीं। कांग्रेस ने साजिश के तहत इंटरनेशनल समिट में भारत की छवि धूमिल की है। बीजेपी का दावा है कि नरसिम्हा यादव ही इस 'अर्धनग्न प्रदर्शन' के मुख्य योजनाकार हैं।

दिल्ली में चल रही समिट के दौरान युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में समिट वेन्यू के पास जमा हुए थे। प्रदर्शनकारियों ने अपनी शर्ट उतारकर सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उनका आरोप है कि सरकार तकनीकी शिखर ▶▶|शेष पेज 5 पर



### पीएम के खिलाफ नारे ट्रंप के साथ दर्शाई फोटो

कार्यकर्ताओं ने टी-शर्ट उतारकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ 'पीएम इज कॉम्प्रोमाइज्ड' के नारे लगाए। प्रदर्शन के कई वीडियो भी सामने आए हैं। इसमें 15-20 की संख्या में कार्यकर्ताओं की भीड़ हाथ में सफेद रंग की टी-शर्ट लिए हुए हैं। टी-शर्ट पर पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की फोटो लगी हुई थी।

### भाजपा ने बताया देश के लिए 'राष्ट्रीय शर्म'


भाजपा सांसद संबित पात्रा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस वैश्विक मंचों का इस्तेमाल राजनीति चमकाने के लिए कर रही है जो कि राष्ट्रीय शर्म की बात है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसे 'देशद्रोह' के समान बताया।

### अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की छवि को नुकसान

भाजपा नेताओं का कहना है कि लोकतंत्र में मतभेद स्वाभाविक हैं लेकिन दुनिया के सामने देश को नीचा दिखाना किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। यह समिट दुनिया भर के दिग्गजों को भारत की प्रगति दिखाने के लिए था लेकिन कांग्रेस की 'थिएट्रिक्स' ने माहौल खराब कर दिया। बीजेपी का तर्क है कि इस तरह के प्रदर्शनों से भारत के तकनीकी नेतृत्व और निवेश की संभावनाओं पर बुरा असर पड़ता है।

## माइक्रोसॉफ्ट भारत समेत ग्लोबल साउथ में एआई पर 4 लाख करोड़ खर्च करेगी

माइक्रोसॉफ्ट ने भारत में चल रहे एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान बड़ा ऐलान किया है। कंपनी ने कहा है कि वह इस दशक के अंत तक यानी 2030 तक करीब 50 अरब डॉलर एआई से जुड़े इंफ्रा और स्किल डेवलपमेंट पर खर्च करेगी। भारतीय रुपये में देखें तो यह रकम करीब 4 लाख करोड़ रुपये बैठती है। माइक्रोसॉफ्ट के वाइस चेयरमेन और प्रेसिडेंट ब्रैड स्मिथ ने मंच से कहा कि एआई का फायदा ▶▶|शेष पेज 5 पर




### गूगल भी करेगा 15 बिलियन डालर का निवेश

गौरतलब है कि एआई समिट के दौरान गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने भारत में अगले 5 सालों के अंदर 15 बिलियन डॉलर्स निवेश का ऐलान किया है।

### भारत मार्केट नहीं, एआई ग्रोथ का अहम सेंटर

माइक्रोसॉफ्ट ने यह भी साफ किया कि भारत उसके लिए सिर्फ एक बड़ा मार्केट नहीं है, बल्कि एआई ग्रोथ का अहम सेंटर है। इक्रोसॉफ्ट कंपनी का फोकस एआई डेटा सेंटर, क्लाउड इंफ्रा और ▶▶|शेष पेज 5 पर

# मुख्य न्यायाधीश देंगे छात्रों को उपाधि, 50 करोड़ की लागत से बनेगा नया ऑडिटोरियम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का नवां दीक्षांत समारोह 22 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे तथा दीक्षांत भाषण देंगे। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया के मुख्य अतिथि होने के कारण विवि प्रशासन द्वारा अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। समारोह में प्रवेश केवल आमंत्रण के आधार पर होगा। इस बार भी एचएनएलयू का दीक्षांत ▶▶|शेष पेज 5 पर

■ हिदायतुल्लाह विधि विवि का 9वां दीक्षांत कल

### अबूझमाड़िया समुदाय पर शोध

शुक्रवार को हुई प्रेसवार्ता में दीक्षांत समारोह में चर्चा के अलावा विवि प्रबंधन ने बीते सत्र में हासिल उपलब्धियों पर भी बात की। कुलपति डॉ.वीसी विवेकानंदन ने बताया, हेल्थ शील्ड कार्यक्रम के अंतर्गत संकाय एवं कर्मचारियों के लिए चिकित्सा प्रतिपूर्ति सीमा 9,000 रुपए से बढ़ाकर 30,000 रुपए की गई है। एक करोड़ रुपए की निधि के साथ 'स्टाफ करुणा कोष नीति' प्रारंभ की गई है। शोध क्षेत्र में विश्वविद्यालय को ▶▶|शेष पेज 5 पर

### विवि में अब रिसर्च हब एंड स्पोक ब्लॉक

दीक्षांत समारोह में उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए 36 स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। इनमें कुलाधिपति स्वर्ण पदक, सर्वश्रेष्ठ उत्तीर्ण विद्यार्थी के लिए विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक, छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद स्वर्ण पदक तथा विभिन्न स्मृति स्वर्ण पदक शामिल हैं। 6 शोधार्थियों को पीएचडी प्रदान की जाएगी। मास्टर ऑफ लॉ करने वाले 88 छात्रों को स्नातकोत्तर उपाधि तथा 148 विद्यार्थियों को विधि स्नातक की उपाधि प्रदान की जाएगी। दीक्षांत समारोह से पूर्व विश्वविद्यालय परिसर में लगभग 50 करोड़ रुपए ▶▶|शेष पेज 5 पर

रिश्ते सुधारने के प्रयास

## बांग्लादेश से तनाव हुआ कम भारत संग वीजा सेवा की बहाल

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश में चुनाव के बाद तारिक रहमान के नेतृत्व में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की सरकार बनते ही भारत के साथ तनाव कम होता दिख रहा है। शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग ने भारतीय नागरिकों के लिए वीजा सेवाएं एक फिर से शुरू कर दी हैं। दूसरी तरफ, भारत भी वीजा बहाली की योजना बना रहा है। इस कदम से संकेत मिलता है कि बांग्लादेश भारत के साथ रिश्ते सुधारने के प्रयास कर रहा है।



### भारत ने भी वीजा बहाली की कोशिशें तेज की

इस संबंध में बांग्लादेश के सिलहट स्थित भारतीय उच्चायोग के सहायक उच्चायुक्त अनिरुद्ध दास ने कहा कि अभी सिर्फ मेडिकल और डबल-एंट्री वीजा जारी किए जा रहे हैं। यात्रा वीजा और अन्य श्रेणियों को फिर से शुरू करने के लिए पहल की गई है। भारतीय वीजा की सभी श्रेणियों की प्रक्रिया धीरे-धीरे सामान्य होगी।

## फुटसल खेलते गिरे मेघालय सांसद रिकी एंड्रयू का निधन

**शिलांग।** मेघालय से शलॉन्ग के सांसद रिकी एंड्रयू जे सिंगकों का कल शाम निधन हो गया, वे शलॉन्ग में फुटसल (फुटबॉल जैसा इंडोर खेल) खेलते समय अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। पार्टी नेताओं के मुताबिक, यह एक दोस्ताना फुटसल सेशन था जिसमें सांसद नियमित गतिविधि के तहत शामिल हुए थे। घटना के तुरंत बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने रात करीब 8:45 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया। सिंगकों वॉइस ऑफ द पीपल पार्टी के प्रमुख नेताओं में गिने जाते थे।




# ट्रेन छूटने से 15 मिनट पहले तक बदल सकेंगे बोर्डिंग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हरिभूमि सरोकार

भारतीय रेल में सफर करने वाले यात्रियों की अच्छी खबर है। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बोर्डिंग स्टेशन बदलने के नियमों में बदलाव करने की तैयारी कर रहा है। मौजूदा प्रक्रिया के तहत ट्रेनों के तय समय से करीब 10 से 20 घंटे पहले रिजर्वेशन चार्ट बनना शुरू ▶▶|शेष पेज 5 पर



### कैप्चा का झंझट खत्म

आईआरसीटीसी ने ट्रेन यात्रियों की सुविधा के लिए मोबाइल ऐप व वेबसाइट में सुधार किया है। आईआरसीटीसी के अनुसार ऐप व वेबसाइट में लोडिंग प्रक्रिया को सरल बनाया गया। साथ ही मेनू विकल्प को फिर से अलाइन किया गया है। इनपुट में आसानी के लिए फार्म ▶▶|शेष पेज 5 पर

**सर्वर पर कम होगा ट्रैफिक लोड**

आइआरसीटीसी के अधिकारी ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए आधार सत्यापन के जरिए तत्काल और अग्रिम आरक्षण अवधि (एआरपी) बुकिंग को मजबूत किया गया। इससे वास्तविक यात्रियों के लिए टिकट की उपलब्धता में काफी सुधार हुआ है।

बच्चों से सेक्स-कुकर्म का मामला

## दंपति को फांसी की सजा, जज बोले- आखिरी सांस तक लटकाओ



एजेंसी ▶▶| बांदा

यूपी में बच्चों का यौन शोषण करने वाले पति-पत्नी को शुक्रवार को बांदा कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई। ये दोनों बच्चों का यौन शोषण करके अश्लील वीडियो-फोटो डार्क वेब के जरिए विदेशों में बेचते थे। पॉक्सो कोर्ट के जज प्रदीप कुमार मिश्रा ने कहा- दोनों पति-पत्नी को मरते दम तक फंदे पर लटकाए रखा जाए। कोर्ट ने दोनों को 18 फरवरी को दोषी ठहराया था।

### चीन, अमेरिका समेत 47 देशों को बेचे थे वीडियो

वकील ने कोर्ट में बताया कि इन दोनों ने ये गंदे वीडियो चीन, अमेरिका, ब्राजील और अफगान समेत 47 देशों को बेचे थे। बांदा का रहने वाला रामभवन अपनी पत्नी दुर्गावती के साथ मिलकर गरीब घरों के 5 से 16 साल के बच्चों को लालच देकर अपने जाल में फंसाता था। बच्चों के साथ पत्नी संबंध बनाती थी, जबकि रामभवन उनसे कुकर्म करता था। दोनों लैपटॉप के जरिए बच्चों के अश्लील वीडियो भी बना लेते थे।




## चिंतन

# एसआईआर: कोई भी योग्य छूटे नहीं और अयोग्य शामिल न हो

पश्चिम बंगाल में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर पैदा हुआ टकराव अब केवल प्रशासनिक मतभेद नहीं रहा, यह लोकतंत्र की विश्वसनीयता की सीधी परीक्षा बन चुका है। ऐसे समय में सुप्रीम कोर्ट का अभूतपूर्व हस्तक्षेप बताता है कि हालात साधारण नहीं हैं। अदालत ने स्पष्ट कहा है कि मतदाता सूची से कोई योग्य नागरिक छूटे नहीं और अयोग्य उसमें शामिल न हो। यह निर्देश भर नहीं, लोकतांत्रिक मर्यादा की अंतिम रेखा है। मतदाता सूची में शुचिता और पारदर्शिता के लिए शीर्ष अदालत ने एसआईआर की निगरानी के लिए सेवारत और पूर्व न्यायिक अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। शीर्ष अदालत ने राज्य की निर्वाचित सरकार और चुनाव आयोग के बीच भरोसे की कमी पर जो टिप्पणी की, वह सबसे ज्यादा चिंताजनक है। जब चुनाव कराने वाली संवैधानिक संस्था और राज्य सरकार आमने-सामने खड़ी दिखें, तो नुकसान किसी एक पक्ष का नहीं, पूरे लोकतंत्र का होता है। अदालत को सेवारत और पूर्व न्यायिक अधिकारियों की निगरानी में प्रक्रिया चलाने का आदेश देना पड़ा। यह असाधारण व्यवस्था है, जो बताती है कि संस्थागत संवाद की डोर कितनी कमजोर हो चुकी है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और उनकी पीठ ने साफ किया कि न्यायिक अधिकारियों के आदेश अदालत के आदेश माने जाएंगे और कलेक्टर-एसपी उन्हें लागू कराएंगे। सवाल यह है कि क्या चुनावी प्रक्रिया इतनी अविश्वसनीय हो गई है कि उसे पटरी पर लाने के लिए न्यायपालिका को प्रत्यक्ष भूमिका निभानी पड़े? यदि हां, तो यह लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है। अदालत ने 28 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित करने की अनुमति दी है और जरूरत पड़ने पर सप्लीमेंट्री सूची की छूट भी दी। यह संतुलन का प्रयास है कि समयबद्धता भी रहे और त्रुटि-सुधार का रास्ता भी खुला रहे, लेकिन असली सवाल यह है कि दावे और आपत्तियां तार्किक निष्कर्ष तक क्यों नहीं पहुंच पा रहीं? क्यों आरोप-प्रत्यारोप का दौर प्रक्रिया पर हावी है? मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी कि हमें राज्य सरकार से सहयोग की उम्मीद थी, सिर्फ नाराजगी नहीं, निराशा का संकेत है। अदालत ने यह भी कहा कि वह सूक्ष्म पर्यवेक्षक नहीं है। यानी रोजमर्रा के प्रशासनिक काम में दखल देना न्यायपालिका का काम नहीं। पर जब जवाब देने में देरी हो, तथ्यों की स्पष्टता न हो और गतिरोध बना रहे, तब अदालत को आगे आना पड़ता है। न्यायिक अधिकारियों की तैनाती अस्थायी समाधान हो सकती है, स्थायी इलाज नहीं। इससे लंबित अदालती मामलों पर असर पड़ेगा, अंतरिम राहत के मामलों को अन्य अदालतों में स्थानांतरित करना पड़ेगा। मतदाता सूची की शुचिता सुनिश्चित करने के लिए केवल न्यायिक आदेश काफी नहीं। बूथ स्तर पर सत्यापन की पारदर्शी प्रक्रिया, दावों-आपत्तियों की खुली सुनवाई, आदेशों का सार्वजनिक प्रकाशन और तकनीक का प्रभावी उपयोग, ये सब मिलकर ही भरोसा बहाल कर सकते हैं। राजनीतिक इच्छाशक्ति के बिना कोई भी व्यवस्था अधूरी है। यह भी याद रखना होगा कि अदालत का हस्तक्षेप किसी एक पक्ष की जीत या हार नहीं है। यह लोकतंत्र को पटरी पर रखने की कोशिश है। शीर्ष कोर्ट ने जो कहा, वह मूलभूत सिद्धांत है। अब समय की मांग है कि सियासत से ऊपर उठकर पारदर्शिता, जवाबदेही और सहयोग को प्राथमिकता दी जाए। लोकतंत्र की असली ताकत मतदाता की आस्था है; उसे टूटने नहीं देना ही हर संवैधानिक संस्था की सर्वोच्च जिम्मेदारी है।

# तिरंगे की संवैधानियत



जिरहनामा
कनक तिवारी

आज़ादी के तीन महीने पहले संविधान सभा में नेहरू ने तिरंगे झंडे को अपनाने का प्रस्ताव पेश करते उसकी ऐतिहासिक और भविष्यमूलक व्याख्या की थी। कहा इस झंडे के तीनों रंग किसी संप्रदाय के प्रतीक नहीं हैं। यह भारत की जनता का झंडा है। झंडे के बीच से चरखे को विशेष कारण से हटाकर अशोक चक्र को अपनाया गया है क्योंकि अशोक का काल वास्तव में भारतीय इतिहास का अंतर्राष्ट्रीय काल था। मुख्य बात नेहरू ने कही कि आज दो झंडे हैं। एक रेशम का और दूसरा खादी का।

भारत उत्सवधर्मी देश है। कैलेन्डर के हर दिन कोई राष्ट्रीय, सांप्रदायिक, क्षेत्रीय, जातीय या सांस्कृतिक उत्सव कहीं न कहीं मनाया जाता है। बड़ी संख्या में प्रतिभागिता होती है। फूड पैकेट बांटकर, नकद रुपए देकर, सरकारी बसों से मनुष्यों को ढोने के बावजूद नेताओं की सभाओं में भीड़ नहीं जुटती। जब पुरखों के तीज त्यौहार नहीं होते तो लोकतंत्र की बानगी राष्ट्रीय चखचख बाजार में बदगुमानी के भी इंडेक्स पर उछलने लगती है। अमृतकाल में सरकारी कर हुक्म हुआ कि देश में तिरंगा फहराया जाए। अफवाहें तैरती रहीं कि खादी या हाथ कताई के रेशमी कपड़े का भी नहीं पोलिएस्टर का लाखों मीटर लंबाई का कपड़ा झंडों के लिए उपयोग किया जाएगा। शायद वह सबसे बड़े भारतीय कॉरपोरेटी या पड़ोसी मुल्क की हिकमत के जरिए बनाया जाकर उन्हें ही मालामाल कर दिया जा सकता। राष्ट्रीय ध्वज तो आजादी के महान आंदोलन का सबसे बड़ा प्रतीक, प्रवक्ता और प्रस्तोता है। किसी भी मुल्क में सेनाओं की लड़ाई में राजा या मुख्य सेनापति के हाथ में अपनी आजादी और अहमियत का झंडा होता था। सेना मर, कट, खप जाए लेकिन अगर सेनानायक के हाथों झंडा सुरक्षित है, तो जीतती लगती ताकत भी फतह हासिल नहीं कर पाती थी। 62 वर्षों की सत्याग्रही मशक्कत के बाद अंगरेज भारत से रुखसत हुआ। तब लाल किले की प्राचीर पर जवाहरलाल के हाथों तिरंगा झंडा फहराया गया। उसे लेकर चखचख बाजार में विमर्श की शक्ल में अनावश्यक विवाद भी पैदा किए जाते रहे।

आज़ादी के तीन महीने पहले संविधान सभा में नेहरू ने तिरंगे झंडे को अपनाने का प्रस्ताव पेश करते उसकी ऐतिहासिक और भविष्यमूलक व्याख्या की थी। कहा इस झंडे के तीनों रंग किसी संप्रदाय के प्रतीक नहीं हैं। यह भारत की जनता का झंडा है। झंडे के बीच से चरखे को विशेष कारण से हटाकर अशोक चक्र को अपनाया गया है क्योंकि अशोक का काल वास्तव में भारतीय इतिहास का अंतर्राष्ट्रीय काल था। मुख्य बात नेहरू ने कही कि आज दो झंडे हैं। एक रेशम का और दूसरा खादी का।

संविधान सभा ने नहीं सोचा होगा कि रेशम और गांधी की खादी को बेदखल कर बहुराष्ट्रीय कंपनी में बना पोलिएस्टर कपड़ा अपनी छाती पर तिरंगा झंडा छापकर लाखों घरों में फहराया जाने कहा जा सकता है। सेठ गोविन्ददास ने बताया कि 1922 में ही जबलपुर के सार्वजनिक टाउन हाल में जो तिरंगा फहराया गया। उसका रंग लाल, सफेद और हरा था, लेकिन वह किसी भी धर्म का नहीं था। अशोक चक्र के समर्थन में कहा कि महान लेखक एच. जी. वेल्स ने संसार के इतिहास पर लिखी पुस्तक में कहा है कि राजाओं के खूनी जीवन में अशोक अकेला ऐसा है जिसने पूरी दुनिया को प्रेम के सूत्र में बांधने की कोशिश की। सेठ गोविन्ददास ने बताया 1857 के जनयुद्ध में हरे रंग का झंडा न केवल मुसलमानों का और न केवल हिन्दुओं का बल्कि हर स्वतंत्रता संग्राम सैनिक का वह रंग रहा है। चौधरी खलीकुज्जमा ने तो संस्कृत के कथन 'सर्वेत्यागा राजधर्मेषु दृष्टा' अर्थात त्याग करने के सभी रूप राजधर्म के तहत होते हैं। कहा होगा लेकिन हमारे नेता निष्पक्ष,



कर्तव्यपारायण और त्याग करने की भावना से आज़ादी के बाद ही लबरेज नहीं रह सके। फिर तो मतलबपरस्ती का ज्वार उछल उछलकर तिरंगे के आदेशों को मजाक में उड़ा देने का हौसला पाले रहा।

दार्शनिक राधाकृष्णन ने कहा कि झंडे में हरा रंग भारत की वनस्पतियों से संबंधित है जिन पर हर मनुष्य का जीवन निर्भर है। मौलवी सैयद मोहम्मद सादुल्ला ने कहा केसरिया रंग केवल हिन्दुओं में नहीं मुसलमानों के इतिहास में भी है। साधु, सन्यासी, पीर और पंडित इसी रंग के सहारे धार्मिकता का प्रचार कर पाते रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस को सफेद टोपी मुकर्रर करने की बधाई दी।

यह भी बाद में दिलचस्प हुआ कि लाल, हरी, नारंगी बल्कि काली टोपियों ने भी काफी राजनीतिक धमाचौकड़ी मचाई। सच यही है कि इन सभी रंगों ने स्वतंत्रता की उमंग की नुमाइन्दगी की है। मौलवी साहब ने बताया तेरहवीं शताब्दी के भी पहले अरब के बड़े पैगंबर के समय से मुसलमानों के झंडे का तयशुदा रंग रहा है। उन्होंने तल्खी में कह दिया कि चरखे को हटाया जाना जायज लगता है क्योंकि गांधी के आदर्शों और प्रेरणा को अहिंसा खत्म कर हिंसावादी बनकर नेताओं ने चरका तो दिया है। अकिंचन जातियों के प्रतिनिधि खांडेकर ने कड़यिल बात कही कि भगवा झंडे तले लाखों दलितों ने कुर्बानियां की हैं। सिद्धनाथ महार का कोरेगांव में लौह स्तंभ उसी जमाने की याद दिलाता है। गोविन्द मालवीय ने अपनी तकरीर में हरा रंग मुसलमानों, सफेद रंग ईसाइयों और केसरिया रंग को सिक्खों के साथ साथ सभी रंग हिन्दुओं के भी बताए। सबसे बेहतरीन वक्ता सरोजिनी नायडू ने भावुक भाषण में संवेदनाओं को झकझोरते कहा क्या इस्लाम भारत में बिरादराना भाव नहीं लाया है? क्या पारसी अग्नि देवालय से ईरान से दहकते लट्ठे लेकर अपना दृढ़ साहस नहीं लाए? क्या ईसाइयों ने गरीबों की सेवा करने का सबक हमें नहीं पढ़ाया? क्या सनातन हिन्दू धर्म ने इंसान को पूरी तौर पर प्रेम करना नहीं सिखाया? इसीलिए यह झंडा इतिहास, संस्कृति, धर्म और इंसानियत की सेवा का जज्बा अपने में समेटे हुए है।

यक्ष प्रश्न है कि राष्ट्रीयता की भावना सरकार की ओर से इंजेक्शन या बूस्टर डोज़ की तरह क्यों इंजेक्ट की जाए? क्या जनता में आजादी और गणतंत्र के पर्व को लेकर वैसी भावनात्मक उथलपुथल है जो धार्मिक त्यौहारों को लेकर अपने आप उफनती रहती है। लोग बुलाए जाने पर भी राष्ट्रीय पर्वों के जश्न में इकट्ठा नहीं होते बल्कि घर पर बैठकर टेलीविजन के कार्यक्रम देख लेते और छुट्टियां मना लेते हैं। उससे कहीं ज़्यादा लोग 'इस्लाम खतरे में है' या 'हनुमान चालीसा' का जुलूस में पाठ करना है' या 'कांवड़ यात्रा निकालनी है' के उद्दाम में इकट्ठा हो जाते हैं। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के बरक्स राजनीतिक राष्ट्रीयता अब भी भारत के लिए एक सपना है।

लाखों तिरंगे झंडे लग भी जाएं। तब भी आसमान में चीख चीखकर लोगों से यही पूछते रहेंगे कि क्या हमारा नसीब केवल हवा में उड़ते रहने से है? हमारे संदेश को धरती पर उतारकर मनुष्यों के आचरण में ढालने की कोई जरूरत महसूस होती भी है। हम केवल कपड़े या कागज का या अब पोलिएस्टर का टुकड़ा नहीं हैं। हमें रंगाई कारखाने का पात्र भी नहीं समझा जाए। हम भी अन्य मुल्कों के परचमों की तरह भारतीय कौम की विजय का इतिहास हैं। हिन्दुस्तानियों का हौसला हैं। गरीब भारतीय अवाम के जीवन का अब भी अधूरा सपना हैं। हम सरहदों पर सैनिकों की चुनौतियों का अहसास हैं। हम बेरोजगार नौजवानों की निराशाओं का मर्सिया भी गाते हैं। हमें सियासत के लोग सत्ता की कुर्सी पर काबिज रहने के लिए तिजारत की वस्तु और लाशों का कफन भी बनाते हैं। याद रहे जब तक हम देशवासियों की मजबूत मुट्ठियों में हम सम्मान के साथ रहेंगे। तब तक ही हमें इंसानियत का परचम समझा जाता रहेगा।

## जन्म दिवस विशेष
छगन लाल लोन्हारे

# साय ने राज्य में गढ़ा विकास का नया आयाम

छत्तीसगढ़ की खूबसूरत वादियों में स्थित जशपुर जिला के ग्राम बगिया में 21 फरवरी को जन्म लेने वाले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सज्जनता और सहृदयता की एक मिसाल है। दो वर्ष के अपने मुख्यमंत्रित्व काल में छत्तीसगढ़ राज्य में विकास का एक नया आयाम गढ़ने वाले तथा प्रदेश के नागरिकों के दिलों में राज करने वाले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज अपनी लोकप्रियता के शिखर पर विद्यमान है। विष्णुदेव साय जनता के बीच के एक ऐसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री हैं जिनकी सदाशयता और दूरगामी योजनाओं से प्रदेश में विकास और प्रगति का राह आसान हुआ है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आदिवासी पृष्ठभूमि से आते हैं। केबिनेट बैठक में राज्य में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से अंतर की राशि होली पर्व से पहले एकमुश्त भुगतान किए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 25 लाख 24 हजार 339 किसानों से 141.04 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत धान के मूल्य के अंतर की राशि के रूप में लगभग 10 हजार करोड़ रुपए का भुगतान होली त्यौहार से पहले एकमुश्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री स्वयं एक किसान पुत्र हैं वे किसानों की पीड़ा को भलीभांति जानते हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी 3100 रुपए प्रति क्विंटल के मान से की की गई है, जो देश में सर्वाधिक है। बीते दो वर्षों में कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के किसानों को धान के मूल्य के अंतर के रूप में 25 हजार करोड़ रुपए से अधिक का



भुगतान किया जा चुका है। इस साल होली से पूर्व किसानों को 10 हजार करोड़ रुपए का भुगतान होने से यह राशि बढ़कर 35 हजार करोड़ रूपए हो जाएगी। किसान हितैशी सरकार के इस निर्णय से बाजार भी गुलजार होंगे, जिससे शहरी अर्थव्यवस्था पर सीधा असर दिखाई देगा, ट्रैक्टर आदि की बिक्री में वृद्धि होगी। प्रदेश की नवीन औद्योगिक नीति से राज्य में अब तक 7 लाख 83 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने अपने दो साल के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ को पूरे देश में एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश की जनता के बीच जाकर जनता का न केवल विश्वास जीता है बल्कि उनके हित को ध्यान में रखकर उन्होंने ऐसी योजनाओं का क्रियान्वयन किया है जिससे छत्तीसगढ़ का समग्र विकास सम्भव हो पाया है। यह केवल और केवल विष्णुदेव साय जैसे एक संवेदनशील, कर्मठ तथा ऊर्जावान मुख्यमंत्री ही संभव कर सकते हैं। मुख्य मंत्री विष्णु देव की सुशासन में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्ष 2026 को महतारी गौरव वर्ष घोषित किया गया है। राज्य सरकार ने मातृशक्ति का सम्मान करते हुए 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 1000 रुपए की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। प्रदेश के 42 हजार 878 महिला स्व- सहायता समूहों को आसान ऋण से अब तक 129.46 करोड़ रुपए का लाभ दिया गया है। प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के अंतर्गत 4.81 लाख महिलाओं को 237 करोड़ रुपए की सहायता राशि दी गई है। राज्य की 19 लाख से अधिक महिलाओं को पूरक पोषण आहार सुनिश्चित की गई है। महिला सुरक्षा के लिए सखी वन स्टॉप सेंटर और महिला हेल्पलाइन 181 की स्थापना की गई है। महिलाओं को रोजगार मूलक कार्यों के जरिए स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए पंचायत स्तर पर 52.20 करोड़ की लागत से 179 महतारी सदनों का निर्माण कराया जा रहा है। महिला समूहों के उत्पादों की बिक्री हेतु 200 करोड़ की लागत से नवा रायपुर में यूनिटी मॉल का निर्माण कराया जाएगा।

राज्य सरकार द्वारा आवास और सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रख कर अब तक 26 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति किए गए हैं। स्वच्छ पेयजल सबका अधिकार है। प्रदेश के 41 लाख से अधिक घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। गुणवत्तापूर्ण जलापूर्ति के लिए राज्य में 77 जल परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की गई है। 70 समूह जल प्रदाय योजनाओं से प्रदेश के 3208 गांव लाभान्वित हो रहे हैं। इसके अलावा राज्य के शत-प्रतिशत गांवों का विद्युतीकरण किया जा रहा है। डबल इंजन की सरकार में रावघाट-जगदलपुर रेल परियोजना के साथ रेल नेटवर्क मैप से बस्तर जुड़ रहा है। जगदलपुर-विशाखापट्नम और रायपुर-विशाखापट्नम नई सड़क परियोजनाओं से विकास की नई राहें खुल रही है। प्रदेश के 32 नगरीय निकायों में नॉलेज बेस्ड सोसाइटी हेतु लाइट हाउस निर्माण की पहल की जा रही है।

उन्होंने प्रदेश के हर वर्ग की बुनियादी सुविधाओं और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पीएम आवास योजना, कृषक उन्नति योजना, नियद नेल्ला नार, अखरा निर्माण योजना जैसी योजनाओं का शुभारम्भ किया है और जनता के बीच अपनी एक अलग छवि निर्मित की है। उन्होंने अपने जीवन का बहुमूल्य समय पद्रेश की जनता को समर्पित कर यह सिद्ध कर दिया है कि उनका जीवन केवल उनका नहीं है अपितु प्रदेश की जनता की निः स्वार्थ सेवा के लिए समर्पित है। वे सही मायने में एक ऐसे जननेता हैं जिनके लिए जनता ही सब कुछ हैं। ऐसे सेवाभावी और लोकप्रिय जनसेवक बहुत कम होते हैं जिनके लिए जनता का विकास और जनता का साथ ही सबसे महत्वपूर्ण होता है। मुख्यमंत्री श्री साय का अब तक का कार्यकाल इस बात का प्रमाण है कि यदि नेतृत्व ईमानदार, समर्पित और जनता की आकांक्षाओं से जुड़ा हो तो विकास की राह कठिन नहीं होगी।

*-लेखक उप संचालक जनसंपर्क*

## जीवन का मार्गदर्शन करती है अंतःकरण की आवाज



संकलित
दर्शन

हमारे अंतःकरण की आवाज हमारी मुख्य मार्गदर्शक होती है। यही हमें सही और गलत में अंतर का आभास कराती है। मनोविज्ञान के अनुसार, जब किसी मनुष्य का कोई कार्य, विचार और अभिव्यक्ति नैतिक मूल्यों के विपरीत परिणाम देती है तो अंतर्मन की आवाज उस व्यक्ति में ग्लानि और पश्चाताप की भावना को जन्म देती है, लेकिन जब हमारे कार्य नैतिक मूल्यों के अनुरूप परिणाम देते हैं तो इससे मन भीतर से प्रसन्न होता है। आज के इस कोलाहल भरे समय में हम प्रायः अपने अंतःकरण की आवाज को सुन नहीं पाते या उसे सुनकर उस पर अपेक्षित मनन नहीं करते। यही कारण है कि हम अपने जीवन में भटकाव महसूस करते हैं। महात्मा गांधी तो अंतःकरण की आवाज को ही सर्वोच्च मानते थे। उनके कई निर्णयों का आधार ही अंतःकरण की आवाज थी। इसी कारण गांधीजी सत्य के साथ खड़े रहे। इसीलिए उनके द्वारा किए गए अधिकांश प्रयोग सफल रहे। जीवन में सदैव संतुष्ट एवं प्रसन्न रहने का सरल सा तरीका यही है कि हम अपने अंतःकरण की आवाज सुनें, क्योंकि हमारे अंदर से आने वाली आवाज प्रत्येक परिस्थिति में सही होती है। हम जब कभी भी कुछ गलती या बुरा आचरण कर रहे होते हैं, तब हम अपनी भूल को जानते हैं। हमें कुछ अटपटा सा लगता है। भीतर से आवाज आती है कि यह कार्य उचित नहीं है। यही हमारे अंतःकरण की आवाज होती है। यही आवाज हमें कुछ गलत करने से रोकती है। जब हम अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करते हैं तो अंतरात्मा से हमारा संपर्क कमजोर हो जाता है।

## समर्पित भक्त का वास वैकुन्ठ में



संकलित
प्रेरणा

एक ब्राह्मण था तथा महान भक्त था, वह मंदिर की पूजा में बहुत शानदार सेवा पेश करना चाहता था, लेकिन उसके पास धन नहीं था। एक दिन की बात है वह एक भागवत पाठ में बैठा हुआ था और उसने सुना कि नारायण मन में भी पूजे जा सकते हैं। उसने इस अवसर का लाभ उठाया क्योंकि वह एक लंबे समय से सोच रहा था कि कैसे बहुत शान से नारायण की पूजा करूं, लेकिन उसके पास धन नहीं था। जब वह यह समझ गया, कि मन के भीतर नारायण की पूजा कर सकते हैं। एक दिन वह गोदावरी नदी में स्नान करने के बाद एक पेड़ के नीचे बैठा हुआ था। अपने मन के भीतर वह बहुत खूबसूरत सिंहासन का निर्माण कर रहा था, गहनों के साथ लदी और सिंहासन पर भगवान की मूर्ति को रखते हुए, वह भगवान का गंगा, यमुना, गोदावरी, नर्मदा, कावेरी नदी के जल के साथ अभिषेक कर रहा था। फिर बहुत ही उत्तम तरह से भगवान का श्रृंगार कर और फूल, माला के साथ पूजा करते हुए, वह मीठे चावल बहुत अच्छी तरह से भोजन के रूप में पका रहा था। वह परखना चाहता था कि भोजन भोग के लिए कहीं गरम तो नहीं हैं। तो ऐसा जानने के लिए उसने भोजन में अपनी उंगली डाली तो उसकी उँगली जल गई। तब उसका ध्यान टूटा क्योंकि वहाँ कुछ भी नहीं था। केवल अपने मन के भीतर वह सब कुछ कर रहा था। लेकिन उसने अपनी उंगली जली हुइ देखी। तो वह चकित रह गया। इस तरह, वैकुन्ठ से नारायण, मुस्कुरा रहे थे। देवी लक्ष्मीजी ने पूछा- आप क्यों मुस्कुरा रहे हैं ?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### रोजगार निगल जाएगी एआई तकनीक

कुछ समय पहले अमेरिका में मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीच्यूट की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि एआई अमेरिका में भी रोजगार पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। इसमें बताया गया है कि वर्ष 2030 तक वहां बहुत से लोगों का रोजगार यह तकनीक छीन सकती है। पुरुषों से ज्यादा महिलाओं की नौकरी इस तकनीक से जा सकती है। कुछ लोग एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के अवसर में भी मौका ढूंढने के पक्ष में विचार रख रहे हैं। परिवर्तन प्रकृति का भी नियम है, लेकिन यह जरूरी नहीं कि कोई परिवर्तन हर किसी के लिए लाभदायक ही हो। यह ऐसी टैक्नोलॉजी है जो कंप्यूटर प्रोग्राम द्वारा बनाई जाती है और यह इनसान की तरह बहुत से काम भी कर सकती है। इस तकनीक का सबसे बड़ा नुकसान यह होगा कि यह रोजगार निगल जाएगी। *– प्रवीण उपाध्याय, भिलाई*

## ट्रेंड

### जीवंत ग्राम कार्यक्रम



पहले सीमावर्ती गांवों को न केवल उनकी भौगोलिक स्थिति बल्कि विकास में पिछड़ेपन के कारण भी अंतिम गांव कहा जाता था। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी ने जीवंत ग्राम कार्यक्रम के तहत उन्हें हर सुविधा उपलब्ध कराकर उन्हें पहले गांवों में बदल दिया।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**

### कांग्रेस ने शर्मसार किया



जब पूरा विश्व भारत के वैश्विक नेतृत्व, नवाचार और प्रौद्योगिकी दृष्टि की सराहना कर रहा है, तब राहुल गांधी और कांग्रेस एक बार फिर देश को शर्मसार करने की राजनीति में लिप्त दिखे, जिसमें सत्ता की भूख इतनी गहरी है कि राष्ट्रीय सम्मान भी दांव पर लगाने से इन्हें गुरेज नहीं है।
**- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### सिंगकॉन के निधन से दुःख



शिलांग से लोकसभा सांसद डॉ. रिकी ए.जे. सिंगकॉन के निधन से गहरा दुःख व्यक्त करते हैं। मेघालय की जनता और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उनके परिवार, मित्रों और समर्थकों के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं।
**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

### करुणापूर्ण कृत्रिम बुद्धिमत्ता



हम कृत्रिम बुद्धिमत्ता की शक्ति के लिए एक बेहद प्रतिस्पर्धी दौड़ में हैं। हमें "नैतिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता" और "जिम्मेदार कृत्रिम बुद्धिमत्ता" से आगे बढ़कर "करुणापूर्ण कृत्रिम बुद्धिमत्ता" की ओर बढ़ना होगा।
**-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल शांति पुरस्कार विजेता**

## करंट अफेयर

# पोलैंड रूस से लगती सीमा पर बिछाएगा बारूदी सुरंग



पोलैंड अपनी पूर्वी सीमा पर रूस के बढ़ते खतरे के मद्देनजर बारूदी सुरंग बिछाएगा। यह जानकारी देश के उप रक्षामंत्री पावेल जालेव्स्की ने शुक्रवार को को दी। पोलैंड विवादास्पद हथियारों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने वाले अंतरराष्ट्रीय समझौते से आधिकारिक तौर पर अलग हो गया है। वर्ष 1997 में बारूदी सुरंग पर प्रतिबंध संबंधी संधि को मंजूरी दी गई थी, जिसे ओटावा संधि के नाम से भी जाना जाता है। यह संधि हस्ताक्षरकर्ताओं को बारूदी सुरंग रखने या बिछाने से रोकती है। कंबोडिया, अंगोला और बोस्निया और हर्जेगोविना सहित देशों के पूर्व संघर्ष क्षेत्रों में इन बारूदी सुरंगों की वजह से नागरिकों को हुई क्षति के मद्देनजर यह संधि अस्तित्व में आई। पोलैंड ने 2012 में इसकी पुष्टि की थी और 2016 में अपने सभी बारूदी सुरंग नष्ट कर दिये थे। हालांकि शुक्रवार को उसने संधि से हटने की घोषणा करते हुए कहा कि वह इन हथियारों का निर्माण फिर से शुरू करने की योजना बना रहा है। जालेव्स्की ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया, 'ये बारूदी सुरंग नाटो (उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन) के पूर्वी हिस्से में, पोलैंड के उत्तर में रूस के साथ और पूर्व में बेलारूस के साथ लगती सीमा पर लगाई जाएंगी।

## ऑफ बीट

# मानव जैसे घरेलू रोबोट अब बाजार में, बदलेगा जीवन



पिछले वर्ष नॉर्वे-अमेरिका की प्रौद्योगिकी कंपनी वनएक्स ने एक अनोखे उत्पाद की घोषणा की- 'दुनिया का पहला मानवनुमा रोबोट, जो घरेलू जीवन को बदलने के लिए बनाया गया है।' कुल 168 सेंटीमीटर लंबा और 30 किलोग्राम वजनी 'नियो' नामक इस रोबोट की कीमत लगभग 20,000 अमेरिकी डॉलर है और यह कपड़े तह करने और बर्तन धोने जैसी घरेलू गतिविधियों को स्वचालित ढंग से करने का दावा करता है। नियो में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रणाली अंतर्निहित है, लेकिन जटिल कार्यों के लिए कंपनी का एक कर्मचारी वर्चुअल रियलिटी हेलमेट पहनकर उसे दूरस्थ रूप से नियंत्रित करता है। इस दौरान ऑपरेटर घर के भीतर, रोबोट जो भी देखता है, उसे देख सकता है और यह प्रक्रिया भविष्य में सीखने के लिए रिकॉर्ड भी की जाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस वर्ष अन्य घरेलू मानवनुमा रोबोट भी बाजार में आ सकते हैं। हालांकि, नियो उन चुनौतियों को उजागर करता है जो हालिया एआई उछाल में देखने को मिली हैं-भारी प्रचार के साथ सीमित क्षमताओं वाले उत्पाद, गोपनीयता से जुड़े छिपे जोखिम और पर्दे के पीछे काम कर रहे अदृश्य दूरस्थ कर्मचारी। मानव जैसी मशीनों की कल्पना प्राचीन मिथकों से जुड़ी रही है, लेकिन उन्हें व्यावहारिक उपभोक्ता उत्पाद के रूप में देखना अपेक्षाकृत नया विचार है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# हाईवे जाम कर जन्मदिन मनाना पड़ा महंगा, सात गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सूरजपुर/बिश्रामपुर

स्टेट हाईवे को जाम कर जन्मदिन की पार्टी मनाने और आतिशबाजी करने के मामले में सूरजपुर पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसके साथ ही दो चारपहिया वाहनों को भी जब्त किया गया है।

बता दें कि 16 फरवरी की रात बनारस मार्ग स्टेट हाइवे पर सोनवाही आरव रेस्टोरेंट के सामने कुछ लोगो द्वारा सड़क के बीच वाहनों को खड़ा कर मार्ग को बाधित कर दिया गया। इस दौरान युवकों ने जन्मदिन की पार्टी मनाने के साथ ही जमकर आतिशबाजी की। इस आतिशबाजी और जन्मदिन की पार्टी के कारण स्टेट हाईवे पर आधे घंटे तक आवागमन प्रभावित रहा और लोग जाम में फंसे रहे। इस जाम में एक एम्बुलेंस भी फंसी हुई थी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया था। एसएसपी सूरजपुर प्रशांत ठाकुर ने अपराध दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दो टीमों का गठन किया गया था।

## आधे घंटे हाइवे जाम रहा था, एंबुलेंस भी फंसी थी

### इनको लिया गया हिरासत में

पुलिस ने विभिन्न ठिकानों पर दबिश देकर अंबिकापुर वार्ड क्रमांक 44 निवासी अमितेश गुप्ता उर्फ जानू आ. राकेश गुप्ता, 25 वर्षीय अंशुल अग्रवाल आ. सोहन लाल अग्रवाल, मणिपुर रोड निवासी 24 वर्षीय प्रथम अग्रवाल आ. प्रमोद अग्रवाल, कुंडला सिटी निवासी 23 वर्षीय शुभम अग्रवाल आ. सुभाष अग्रवाल, बिलासपुर चौक निवासी 27 वर्षीय महेश साहू आ विनय साहू, जनपद पारा निवासी 26 वर्षीय निखिल रामा आ. तुलसी रामा, लटोरी निवासी 39 वर्षीय अरुण देवांगन आ. कैलाश प्रसाद देवांगन को हिरासत में लिया गया।



# सीपत के सराफा व्यापारी से 10 किलो चांदी, 100 ग्राम सोने के जेवरात लेकर भाग गए बाइक सवार दो युवक

**बिलासपुर**। राजकिशोर नगर में सराफा व्यापारी से लूट के 3 दिन बाद सीपत खमरिया के सराफा व्यापारी से 10 किलो चांदी, 100 ग्राम सोने के जेवर से भरा थैला लेकर बाइक सवार दो युवक भाग गए। पुलिस जिले में नाकाबंदी कर बाइक सवार युवकों की तलाश कर रही है।

■ उठाईगीरों की तलाश कर रही पुलिस

सीपत पुलिस के अनुसार, जांजगीर जिला बलौदा निवासी विनय सोनी की सीपत खमरिया में ज्वेलरी शाप है। प्रतिदिन वे रात में दुकान बंद कर कीमती सोने चांदी के जेवर अपने घर ले जाते हैं। शुक्रवार की शाम 7 बजे वे दुकान में रखे 10 किलो चांदी के आभूषण व 100 ग्राम सोने के आभूषण थैले में रखकर दुकान से बाहर निकले। वे थैला शटर के पास रखकर दुकान बंद करने शटर गिरा रहे थे। इसी दौरान बाइक से दो युवक उनकी दुकान के सामने पहुंचे। एक युवक बाइक से उतरकर दौड़ते हुए उनके पास पहुंचा और आभूषण से भरा थैला उठाकर बाइक में बैठकर अपने साथी के साथ भाग गया। श्री सोनी के शोर मचाने पर लोगों की भीड़ लग गई। एडीशनल एसपी पंकज कुमार पटेल सीपत पुलिस व शहर के थानेदार बल के साथ खमरिया पहुंच गए। सराफा व्यापारी से चोरी की जानकारी ली और नाकेबंदी शुरू की।

## खबर संक्षेप

### दो करोड़ की आनलाइन ठगी, बैंक मैनेजर खाताधारक गिरफ्तार



**बिलासपुर**। 1 करोड़ 98 लाख रुपए की आनलाइन ठगी के मामले में रेंज साइबर पुलिस ने बैंक मैनेजर व म्यूल बैंक खाता धारक को पुणे से गिरफ्तार कर लिया है। रेंज साइबर थाना के टीआई गोपाल सतपथी ने बताया, कुछ माह पूर्व सीपत क्षेत्र के एक बुजुर्ग व्यक्ति से 1 करोड़ 98 लाख रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई थी। बैंक खातों की जांच के बाद पुलिस ने पुणे में दबिश देकर बैंक मैनेजर नितेश चंद्रकांत चुटने व म्यूल बैंक खाताधारक पुणे निवासी धनंजय आबूराव सावले को गिरफ्तार कर लिया है। बैंक मैनेजर के द्वारा जालसालों से सांठगाठ कर म्यूल बैंक खाता खोला जाता था। खाता धारक धनंजय के खाते में 22 लाख रुपए का लेनदेन हुआ था। पुलिस ने अब तक जालसाजों के बैंक खाते में 30 लाख रुपए होल्ड करा चुकी है।

# छत्तीसगढ़ियों की जगह छीन रहे दूसरे प्रदेश के अभ्यर्थी, फर्जी निवास से हासिल कर रहे नौकरी

सत्यम शर्मा ▶▶ राजनांदगांव

खास खबर

बेरोजगारी की बढ़ती संख्या के बीच जहां प्रदेश के युवाओं को रोजगार के सीमित अवसर प्रदान हो रहे हैं। वहीं इन अवसरों पर भी दूसरे प्रदेशों से आकर लोग उनका स्थान छीनने का काम कर रहे हैं। प्रदेश के हजारों बेरोजगारों के साथ दूसरे प्रदेश से आकर अभ्यर्थी ठगी कर रहे हैं। यूपी, बिहार और आंध्र जैसे राज्यों से आने वाले यह अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ का फर्जी निवास प्रमाण पत्र बनवाकर छग कोटे की केंद्र की नौकरी हासिल कर रहे हैं। हालांकि इस मामले की अब शिकायत भी शुरू हो गई है। राजनांदगांव जिले में एसएससी-जीडी की परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों ने इस मामले की शिकायत दर्ज कराई है।

अभ्यर्थियों से मिली जानकारी के अनुसार पिछले साल नवंबर और दिसंबर महीने में एसएससी-जीडी के तहत बीएसएफ, असम राईफल्स, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ जैसे विभिन्न पदों के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के तहत राज्यवार सीट आवंटन के साथ ही परीक्षा पश्चात राज्यवार कट ऑफ जारी किया जाता है। देश के कई राज्यों के मुकाबले छत्तीसगढ़ राज्य का कटऑफ कम ही देखने को मिलता रहा है। इसी का फायदा उठाने की नियत से देश के कई राज्यों से एसएससी-जीडी के अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों से अपना फर्जी निवास प्रमाण पत्र बनाकर यहां के कोटे से नौकरी हासिल कर रहे हैं। जबकि मूल रूप से वे यहां के निवासी है ही नहीं। ऐसे में उनके फर्जीवाड़ा के चलते प्रदेश के सैकड़ों-हजारों युवाओं को नौकरी नहीं मिल पा रही है।

## एसएससी-जीडी की परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों ने मामले की शिकायत दर्ज

### ऐसे बनवा रहे फर्जी निवास प्रमाण-पत्र

एसएससी-जीडी के एक अभ्यर्थी ने बताया कि दूसरे प्रदेशों से आकर युवा स्थानीय निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आधार कार्ड का सहारा ले रहे हैं। उसने बताया कि यूपी, बिहार और आंध्रा जैसे राज्य से आने वाले यह अभ्यर्थी पहले स्थानीय जनप्रतिनिधि जिसमें पार्षद या सरपंच की मदद से आधार कार्ड में पता संशोधित करवा रहे हैं, फिर उसके जरिये अपना वोटर आईडी बनवाकर फर्जी निवास प्रमाण पत्र बनवा रहे हैं। ऐसे ही फर्जी निवास प्रमाण-पत्र के जरिये नौकरी हासिल की जा रही है।



### घर का पता नहीं, सीधे पहुंच रहे डाकघर

बताया गया कि फर्जी तरीके से निवास प्रमाण-पत्र बनवाकर नौकरी हासिल करने वाले अभ्यर्थियों का जब डाकघर के जरिये ज्वाइनिंग लेटर आ रहा है तो वह उसे लेने सीधे डाकघर पहुंच रहे हैं। बताया गया कि कुछ मामलों में डाक में दिया गया पता भी फर्जी पाया गया था। ऐसे में उन लेटर्स को वापस प्रेषक को भेज दिया गया।

### प्रदेश के लिए दो हजार से सीटें

परीक्षा के तहत नक्सल प्रभावित और बॉर्डर इलाकों के लिए अलग से सीटें जारी की जाती है। छत्तीसगढ़ के लिए नक्सल प्रभावित इलाके में 1124 पुरूष एवं 124 महिलाएं पोस्ट थी। ऐसे ही सामान्य में प्रदेश के लिए 54 महिला एवं 490 पोस्ट पुरूष के लिए थी। इनमें बीएसएफ, सीआईएसएफ, सीआईआरएफ, एसएसबी, आईटीबीपी, एआर, एसएसएफ एवं एनसीटी की पोस्ट शामिल है।

### सामने आ रहे कई मामले

एसएससी-जीडी के अभ्यर्थियों ने राजनांदगांव जिले में प्रशासन को एक ज्ञापन भी सौंपा था। प्रशासनिक अफसरों ने उन्हें चयन सूची के साथ दस्तावेज के साथ शिकायत करने कहा है। अभ्यर्थियों ने बताया कि राजनांदगांव में ही ऐसे करीबन आधा दर्जन से अधिक लोगों की पहचान की गई है। वहीं कुछ लोगों का पता नहीं मिलने के बाद डाकघर ने उनके ज्वाईनिंग लेटर को भी वापस किया है।

### मांगे हैं दस्तावेज

संबंधित व्यक्ति के चयन एवं चयन के लिए प्रस्तुत दस्तावेजों के जांच के लिए नियोक्ता या शिकायतकर्ता द्वारा दस्तावेज सहित शिकायत मिलने पर जांच की जाएगी।

-प्रेमप्रकाश शर्मा
अपर कलेक्टर

# मंडल अध्यक्ष को दी गाली, भाजपा नेताओं ने विरोध में किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरिया



वाहन चेकिंग अभियान के दौरान छुरिया टीआई द्वारा भाजपा मंडल अध्यक्ष को गाली-गलौज किए जाने से नाराज होकर भाजपा पदाधिकारियों ने बीती रात छुरिया कल्लूबंजारी सड़क मार्ग पर धरना प्रदर्शन करते चक्काजाम कर दिया। शाम सात बजे से शुरू हुआ चक्काजाम देर रात बारह बजे तक चलता रहा। भाजपा पदाधिकारियों द्वारा चक्काजाम किए जाने की सूचना मिलने पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और धरना प्रदर्शन कर रहे भाजपा पदाधिकारियों को समझाईश देने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं बनी। देर रात छुरिया टीआई द्वारा खेद जताने पर भाजपा पदाधिकारियों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया। गुरुवार की शाम को जिले के पुलिस अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर छुरिया कल्लूबंजारी मार्ग पर स्थित वनोपज जांच नाका पर वाहन चेकिंग अभियान छुरिया टीआई रमेश पटेल द्वारा चलाया जा रहा था। इसी दौरान कल्लूबंजारी से लौट रहे भाजपा मंडल अध्यक्ष कांता साहू का वाहन रोका गया, लेकिन परिचय देने पर उन्हें जाने दिया गया। उनके वाहन के साथ खड़े अन्य वाहन में सब्जी फार्म के सतीश यादव ने बताया कि उनके जाने के बाद छुरिया टीआई ने उन्हें गाली-गलौज किया है।


**इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड** इरकॉन IRCON
नवरत्न कम्पनी
(भारत सरकार का उपक्रम)
वेबसाईट : www.ircon.org, CIN - L45203DL1976GOI008171

**ईओआई सूचना**

ईओआई सं.: IRCON/CO/S&T/BD/SECR/BSP/EOI/2026 दिनांक : 20.02.2026

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड, रेल मंत्रालय के अंतर्गत एक नवरत्न पीएसयू द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु प्री–बिड पार्टनर/एसोसिएट एजेंसी/सब–कॉन्ट्रैक्टर के रूप में जुड़ने हेतु एस एंड टी अनुभवी एजेंसियों से खुली अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की जाती है:–

"साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे की बिलासपुर डिवीजन के बीएसपीआर, केएलपीजी, एबीकेपी, एमजेडएच, एचआरवी, पीआरडीएल, केटीएमए, बीजेआरआई, केजेजैड, एमडीजीआर, सीएचआरएम, जीटीके, केएलटीआर, पीएलएयू एवं केबीएस स्टेशनों के समीपस्थ ब्लॉक खंडों में केबलिंग कार्यों सहित पैनल इंटरलॉकिंग को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग, सभी इन्डोर एवं आउटडोर गियर्स, ओएफसी हटों, एस एंड टी सर्विस बिल्डिंग्स का निर्माण और एस एंड टी सर्विस बिल्डिंग्स के विद्युतीकरण से बदलना।"

| | |
|---|---|
| ईओआई की ई–निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय | 28.02.2026 17:30 बजे (आईएसटी) तक |

अधिक जानकारी एवं अपडेट के लिए कृपया ई–टेंडर वेबसाइट https://etenders.gov.in/eprocure/app एवं https://www.ireps.gov.in/epsn/anonymSearch.do# पर निविदा खंड देखें। संशोधन/शुद्धि पत्र, यदि कोई होगा तो, केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। मुख्य महाप्रबंधक/एस एंड टी, सी–4, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत, नई दिल्ली–110017


# सड़क हादसों में 6 की मौत, 2 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

अलग-अलग सड़क हादसों में छह लोगों की मौत हो गई और दो गंभीर हैं। देवभोग थाना क्षेत्र में शुक्रवार की शाम हादसों के नाम रही। रात 8 बजे से 9 बजे के बीच तीन अलग अलग सड़क हादसों में 4 यूवकों की जान चली गई,जबकि दो अभी जिंदगी मौत के बीच जूझ रहे। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक उरमाल रोड में बाइक सवार लहराते हुए यात्री बस से टकराया जिससे गुढियारी निवासी एक ग्रामीण की मौके पर मौत हो गई। जबकि नेशनल हाइवे 130 सी में झराबहाल के पास दो बाइक आपस में टकराया जिसमें दरलीपारा निवासी डोमार सिंह 25 साल एवं ज योगेश कुमार 26 साल की मौत होने जानकारी मिली है। बर्बहाली में भी बाइक सवार को बड़ी वाहन ने टक्कर मार दी,जिसके चलते एक युवक की मौके



पर मौत हो गई।जबकि हादसे में भविष्य ध्रुव और परमानंद गंभीर रूप से घायल है,जिनका उपचार देवभोग ने जारी है। बीएमओ डॉक्टर प्रकाश साहू ने बताया कि दोनों गंभीर घायल है जिन्हे प्रारंभिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है। थाना प्रभारी देवभोग फैजुल शाह हुदा ने कहा कि तीन हादसे में 4 की मौत हुई है। मार्ग कायम कर विवेचना किया जा रहा है सभी शव को मरच्योर में रखा गया है।

## हाइवा और पिकअप की टक्कर में दो की गई जान

**कटघोरा**। अंबिकापुर नेशनल हाइवे पर हाइवा और पिकअप के बीच टक्कर से दो लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे लोगों और पुलिस की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। अंबिकापुर नेशनल हाइवे एक बार फिर खून से लाल हो गया है। बांगो थाना क्षेत्र के मोरगा चौकी अंतर्गत मोरगा केंदई हसदेव पुल के पास हुए भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है। इस हादसे ने एक बार फिर इस हाइवे की खतरनाक स्थिति और लगातार हो रहे हादसों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, हाइवा और पिकअप वाहन के बीच जोरदार टक्कर हुई, जिसमें दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि हाइवा का चालक वाहन में ही फंस गया, मौके पर पहुंचे लोगों और पुलिस की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला।




**UCO BANK** (A Govt. of India Undertaking) Honours Your Trust

**अंचल कार्यालय, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.)**
**ई-मेल : zoraipur.rec@ucobank.co.in**

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी नोटिस**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रुप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **भौतिक/सांकेतिक कब्जा** प्रतिभूत लेनदार यूको बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर **26/03/2026** को 11.00 बजे से दोपहर **4.00** बजे तक बकाया राशि की वसूली के लिए बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अन्य विवरण नीचे दिए गए हैं। **बयाना राशि** प्रस्तुत करने की अंतिम समय नीलामी **26/03/2026, 3.00 बजे** के पूर्व सुनिश्चित की गई है। **ई-नीलामी की तिथि व समय- 26/03/2026** को सुबह 11.00 **बजे** से उपरान्ह **4.00 बजे** तक प्रत्येक 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ।

**ई-नीलामी की तिथि: 26/03/2026, सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक**

| क्र. सं. | शाखा का नाम/ संपर्क विवरण | ऋणी एवं गारंटर का नाम | बकाया राशि / कब्जा का प्रकार | मांग सूचना/ कब्जा सूचना तिथि | संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य व बयाना राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Civic Centre Bhilai (0298) Soumya Ranjan Sahu 8000545448 | मेसर्स कैसर इन्फ्रा एवं दीप्ति महाजन एवं संजीव जगदीश चौधरी | ₹ 29.67 Lakh<br>सांकेतिक कब्जा | 18/06/2024<br>06/09/2024 | **संपत्ति के मालिक- दीप्ति महाजन, संपत्ति का विवरण-** प्लॉट नं.-14, ब्लॉक नं. 34, वार्ड नं. 3, मोतीलाल नेहरू नगर (पश्चिम), भिलाई, दुर्ग (छ.ग.) 490020, प्लॉट क्षेत्रफल- **2324** वर्गफीट में स्थित आवासीय भवन। | 97,61,000/-<br>9,76,100/-<br>25,000/- |
| 02 | | योगेश गायकवाड एवं श्वेता गायकवाड | ₹ 18.35 Lakh<br>सांकेतिक कब्जा | 19/08/2025<br>29/10/2025 | **संपत्ति के मालिक- योगेश गायकवाड,** छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड, अंबेडकर नगर वार्ड नं. 11, वैशाली नगर, भिलाई, जिला- दुर्ग। प्लॉट क्षेत्रफल- **1054. 48** वर्गफीट में शामिल आवासीय संपत्ति भूमि एवं भवन। | 40,24,000/-<br>4,02,400/-<br>25000/- |
| 03 | Raipur Main Mr. Ravi Verma 09479748359 | किरण पाठक एवं अनिल पाठक | ₹ 223.03 Lakh<br>सांकेतिक कब्जा | 08/09/2025<br>29/08/2025<br>07/11/2025 | **संपत्ति के मालिक- किरण पाठक, संपत्ति का विवरण-** ब्लॉक नं. 21, मोतीलाल नेहरू नगर पश्चिम आवासीय योजना नेहरू नगर (पश्चिम) गुरुद्वारा रोड, कोसा नगर वार्ड, वार्ड नं. 3 (पुराना), नेहरू नगर वार्ड नं. 4 (नया), मौजा नेहरू नगर, तहसील- भिलाई, जिला- दुर्ग, प्लॉट क्षेत्रफल- **3875** वर्गफीट में स्थित वाणिज्यिक भवन (G+2) प्लॉट नं. 10. | 5,34,95,000/-<br>53,49,500/-<br>25000/- |
| 04 | Kohka Mr. Bijay Kumar Pradhan 7873007423 | लक्ष्मी देवी सोनकर एवं राजेश सोनकर | ₹ 9.94 Lakh<br>सांकेतिक कब्जा | 10/10/2024<br>07/01/2025 | **संपत्ति के मालिक- लक्ष्मी देवी सोनकर:** प्लॉट नंबर 37 एवं 38, कृपाल नगर, वार्ड नं. -9, कोहका पुरानी बस्ती, भिलाई, प.ह.नं. 14/19, ख. नं.- **7273/35**, तहसील व जिला दुर्ग, प्लॉट क्षेत्रफल- 480 वर्गफीट में स्थित आवासीय भवन। | 20,12,000/-<br>2,01,200/-<br>25,000/- |

**ई-नीलामी की तिथि एवं समय: 26/03/2026, सुबह 11:00 बजे से शाम 4.00 बजे** एवं **संपत्ति निरीक्षण तिथि: 01/03/2026 से 20/03/2026, दोपहर 1.00 से शाम 4.00 बजे तक।** बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों के लिए, कृपया **https://baanknet.com** पर दिए गए लिंक को देखें। इसके अलावा, संभावित बोलीदाता अधिक जानकारी के लिए ऊपर बताए गए शाखा प्रमुख से संपर्क कर सकते हैं। बैंक बिना कोई कारण बताए नीलामी प्रक्रिया को स्वीकार/अस्वीकार/रद्द करने का पूरा अधिकार सुरक्षित रखता है और इस संबंध में किसी भी प्रश्न पर विचार नहीं किया जाएगा।

**यह प्रकाशन उपर्युक्त उधारकर्ताओं/गारंटीकर्ताओं/बंधककर्ताओं को 30 दिनों की नोटिस भी है।**

दिनांक : 20.02.2026 स्थान : रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/यूको बैंक, रायपुर (छ.ग.)


## कंपनी ने रोका भुगतान, रायपुर जा रहे किसानों को रोका

**महासमुंद**। किसानों की जमीन को रेग में लेकर बीज उत्पादन कराने वाली कंपनी द्वारा किसानों के साथ कथित ठगी की गई है। उत्पादन के बाद न तो किसानों से न तो बीज खरीदा गया और न ही उनके रेग राशि का भुगतान किया गया। 132 किसानों को तेलंगाना के सिकंदराबाद स्थित कंपनी कावेरी बीज कंपनी से तकरीबन सवा तीन करोड़ रुपए लेने हैं जो जुलाई 2026 से किसानों को नही मिल पाया है। इस मामले को लेकर किसानों ने आंदोलन की चेतावनी देते हुए शुक्रवार को रायपुर स्थित कार्यालय के घेराव की चेतावनी दी थी जिस परिपेक्ष्य में रवाना हुए किसानों को पुलिस ने बेलसोंडा में ही रोक लिया। रैली को बेलसोंडा के पास रोके जाने के बाद किसान राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर ही धरने पर बैठ गए और करीब आधे घंटे तक चक्काजाम किया।

कृषि विभाग और पुलिस अधिकारियों ने किसानों को समझाने की कोशिश की, लेकिन शुरुआत में बात नहीं बनी। बाद में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा शीघ्र भुगतान का आश्वासन दिए जाने पर किसानों ने चक्काजाम समाप्त किया।




## टीवी मसाला

# दिव्या अग्रवाल की शादी की अफवाहों पर लगा विराम

**मुंबई।** मशहूर अभिनेत्री दिव्या अग्रवाल अक्सर अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। कई समय से उनकी शादी में दरार और तलाक की खबरें जोरों पर थीं, और यह खबरें भी आई थीं कि दिव्या अपने पति से अलग रह रही हैं और उनके रिश्ते में कड़वाहट आ गई है। दरअसल, रियलिटी शो 'द 50' में कंटेस्टेंट भाव्या सिंह ने दिव्या के वैवाहिक जीवन पर सवाल उठाए थे, जिससे अफवाहें और तेज हो गई थीं, लेकिन इन सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए दिव्या ने अपनी शादी की सालगिरह के मौके पर पति संग एक खास वीडियो शेयर किया। पोस्ट किए गए वीडियो में दोनों एक दूसरे के साथ प्यार भरे अंदाज में नजर आ रहे हैं। दिव्या ने लिखा, मैंने आपसे शादी इसलिए की क्योंकि आप ही वो इंसान हैं जो मुझे पूरी तरह समझते हैं। आपने कभी मुझे बदलने की कोशिश नहीं की। आप मुझे अंदर से जानते हैं, जैसे मैं सच में हूं। आगे उन्होंने लिखा, मेरे प्यार को शादी की सालगिरह मुबारक। आने वाले सालों में चाहे जिंदगी कितनी भी पागलपन भरी क्यों न हो, हम हमेशा साथ रहेंगे। यह पोस्ट देखकर फैंस बहुत खुश हो गए। दिव्या की दोस्त और अभिनेत्री गौहर खान ने भी कमेंट करके बधाई दी। गौहर ने लिखा, "शादी की सालगिरह मुबारक हो। दिव्या अग्रवाल इन दिनों रियलिटी शो 'द 50' में नजर आ रही हैं। शो में बैल और बुद्धि नामक टास्क हुआ था, जिसमें दिव्या की अर्चना से लड़ाई हो जाती है।



# 'नैना' की कहानी मेरी भी कहानी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने सहर में' सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म में मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी के अलावा अभिनेत्री संदीपा धर ने दमदार किरदार निभाया है। अभिनेत्री ने रिलीज के दिन सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने दिल की बात बयां की। अभिनेत्री संदीपा धर ने इंस्टाग्राम पर कुछ बीटीएस तस्वीरें शामिल हैं, जिनमें वे नैना के किरदार में नजर आ रही हैं। साथ ही, उनके साथ मृणाल, सिद्धांत और फिल्म के अन्य कलाकार भी नजर आ रहे हैं। संदीपा ने लिखा, "नैना अब आपकी है। मैं करीब एक साल से इस किरदार के साथ जुड़ी हुई हूं। इसने मुझे उन बातों पर सोचने को मजबूर कर दिया, जिनसे मैं भागना चाहती थी। उन्होंने लिखा कि अक्सर हम लोग किसी को पसंद आने के लिए अपने आपको बदलने लगते हैं और फिर भी लगता है कि हम अच्छे नहीं हैं। आईने में देखकर सिर्फ अपनी कमियां ही क्यों दिखती हैं? उन्होंने लिखा, नैना की कहानी मेरी कहानी है। शायद आपकी भी। मेरे पास हर सवाल का जवाब नहीं है। मैं भी सीख रही हूं, लेकिन इतना जरूर जानती हूं कि हमें बार-बार उन लोगों को अपनी वैल्यू साबित करने की जरूरत नहीं, हमें कभी समझ ही नहीं पाएंगे।



# बॉबी की फिल्म 'बंदर' की रिलीज डेट अनाउंस

**मुंबई।** अनुराग कश्यप के डायरेक्शन में बनी बॉबी देओल स्टारर फिल्म बंदर का आज मेकर्स ने नया पोस्टर रिलीज कर दिया है। इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी गई है। बॉबी फिल्म एनिमल के बाद से ही चर्चा में है। इस फिल्म में वह अबरार के रोल में दिखे थे और उन्होंने अपने इस किरदार से तहलका मचा दिया। वहीं, इसके बाद अब वह फिर से धांसू रोल में नजर आने वाले हैं। दरअसल, बॉबी फिल्म बंदर : मंकी इन ए केज में नजर आएंगे। दरअसल, अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी बॉबी, सान्या मल्होत्रा, सबा आजाद और सपना पब्बी स्टारर फिल्म बंदर का हाल ही में मेकर्स ने नया पोस्टर रिलीज करते हुए फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया है। इस पोस्टर में बॉबी अग्रेसिव लुक में दिख रहे हैं और उन्होंने सन ग्लासेस पहने हैं। वही, कैप्शन में लिखा, "22 मई 2026 को सिनेमा हॉल में मिलते हैं।




# 19 साल बाद भारत लौट रहीं शकीरा, मुंबई और दिल्ली में करेंगी लाइव कॉन्सर्ट

*करीब दो दशकों के बाद ग्लोबल पॉप स्टार शकीरा एक बार फिर भारत में लाइव परफॉर्म करेंगी। खास बात यह है कि इस बार शकीरा मुंबई और दिल्ली में अपने धमाकेदार कॉन्सर्ट करेंगी। 19 साल बाद भारत में उनकी वापसी को लेकर म्यूजिक लवर्स के बीच जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।*

**मुंबई।** आयोजकों की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक, शकीरा 10 अप्रैल को मुंबई में और 15 अप्रैल को दिल्ली में परफॉर्म करेंगी। यह पहली बार है कि शकीरा का भारत दौरा दो शहरों में आयोजित किया जा रहा है। दोनों ही शहरों में उनके भारी संख्या में फैंस हैं। माना जा रहा है कि ये कॉन्सर्ट्स पूरी तरह हाउसफुल रहेंगे। शकीरा की एनर्जी, डांस मूव्स और सुपरहिट गानों का जादू भारतीय दर्शकों के सिर चढ़कर बोलेगा।

***शकीरा का कॅरियर तीन दशकों से ज्यादा लंबा :*** शकीरा का करियर तीन दशकों से भी ज्यादा लंबा रहा है। उन्होंने 1990 के शुरुआती दौर में अपने म्यूजिक सफर की शुरुआत की थी और धीरे-धीरे वह दुनिया की सबसे लोकप्रिय पॉप सिंगर्स में शामिल हो गईं। 'हिप्स डोंट लाइ', 'व्हेनएवर, वेयरएवर', 'वाका वाका', 'शी वुल्फ' और 'ला टोर्टुरा' जैसे गानों ने उन्हें ग्लोबल पहचान दिलाई। आज भी उनके गाने लगभग सभी देशों में पसंद किए जाते है।



# कुमार ने दिया सरप्राइज रैपर के साथ गाया गाना

**मुंबई।** मशहूर गायक कुमार सानू ने मनोरंजन जगत में कई यादगार गाने गाए हैं और दर्शकों के दिलों में खास पहचान बनाई है, लेकिन गायक ने इस बार फैंस को सरप्राइज दिया है। उन्होंने रैपर और सिंगर किंग के साथ मिलकर नया गाना 'मजा प्यार करने में' रिलीज किया है। यह गाना किंग के नए एल्बम राजा हिंदुस्तानी का ही हिस्सा है। यह एल्बम इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें किंग और कुमार सानू को साथ में देखा जा रहा है। गाने में कुमार सानू की क्लासिक आवाज और किंग का मॉडर्न रैप स्टाइल मिलकर कमाल का जादू बिखेर रहे हैं। दोनों कलाकार अपने सुरों से खेलते नजर आ रहे हैं। कुमार सानू और किंग ने गाने को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, "मजा प्यार करने में गाना रिलीज किया जा चुका है। यह मेरे लिए जिंदगी में एक बार मिलने वाला खास पल है। थोड़ा सा प्यार जरूर दिखाएं।"



# कल्याणी की लोका 2 को लेकर बड़ा अपडेट

**मुंबई।** साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'लोका चैप्टर 1' के दूसरे पार्ट को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। इसके बारे में खुद फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने अपडेट दी है। साल 2025 की ब्लॉकबस्टर मलयालम फिल्म 'लोका चैप्टर 1' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। दर्शकों को ये फिल्म बहुत पसंद आई थी। बॉक्स ऑफिस पर इसकी धुआंधार कमाई ने हर किसी को हैरान कर दिया था। अब इस फिल्म के दूसरे पार्ट को लेकर बड़ी खबर आई है। फिल्म की शूटिंग को लेकर भी अपडेट सामने आया है। इसके बारे में खुद फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने खुलासा किया है। दरअसल हाल ही में हुए एक इवेंट में लोका फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने फिल्म के दूसरे पार्ट को लेकर बात की। उन्होंने कहा, 'फिल्म 'लोका 2' की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। उम्मीद है कि शूटिंग सितंबर से शुरू होगी। मैं फिल्म का हिस्सा हूं। आप फिल्म का इंतजार करें। बता दें कि बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई के साथ लोका चैप्टर 1 ने कई रिकॉर्ड बनाए थे। ये भारत की पहली सुपरवुमन फिल्म भी है। लीड एक्ट्रेस के तौर पर कल्याणी प्रियदर्शन ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। एक्शन और ड्रामा से भरपूर मलयालम फिल्म 'लोका' एक वुमन सुपरहीरो की कहानी है।




छत्तीसगढ़ के यशस्वी एवं लोकप्रिय मुख्यमंत्री
मान. श्री विष्णु देव साय जी
21 फरवरी
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
कल्पना योगेश तिवारी
अध्यक्ष-जिला पंचायत बेमेतरा
योगेश तिवारी
राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व हिन्दू सनातन संगठन
भाजपा किसान नेता, बेमेतरा


हमने बनाया है हम ही संवारेंगे
प्रदेश में सुशासन का सूर्योदय करने वाले
छत्तीसगढ़ के जननायक
माननीय मुख्यमंत्री
श्री विष्णु देव
साय जी
को जन्मदिवस की
ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई...
21
FEB
संजय श्रीवास्तव
अध्यक्ष – छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम
रायपुर (छ.ग.)
इंजी. मखमूर खान
प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा (छ.ग.)


हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे
छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री
मान. विष्णुदेव साय जी
को जन्मदिन की
ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई...
टंकराम वर्मा
मंत्री, खेलकूद एवं युवा कल्याण
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग (छ.ग. शासन)
विनीत : समस्त भाजपा कार्यकर्तागण, जिला-बलौदाबाजार (छ.ग.)

# सुपर आठ जंग : पाक स्पिनरों को साधने की रणनीति के साथ उतरेंगे कीवी बल्लेबाज

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

न्यूजीलैंड की टीम शनिवार 21 फरवरी को टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण ग्रुप दो के शुरुआती मैच में पाकिस्तान का सामना करेगी तो जीत के लिए सबसे अहम कारक होगा कि उसका मजबूत मध्यक्रम प्रतिद्वंद्वी टीम की स्पिन विविधता का माकूल जवाब दे सके।

न्यूजीलैंड के बल्लेबाज आईसीसी के इस बड़े टूर्नामेंट में अभी तक शीर्ष स्तर का खेल नहीं दिखा सके हैं, जिसमें बस सलामी बल्लेबाज टिम सिफर्ट और फिन एलेन ही हैं, जिन्होंने मिलकर तीन अर्धशतक लगाए हैं। लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाज इन दोनों का ठीक से साथ नहीं दे पाए हैं। ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मार्क चैपमैन और डेरिल मिचेल जैसे बल्लेबाज निरंतर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। फिलिप्स और रविंद्र ने हालांकि एक-एक अर्धशतक लगाया है लेकिन कुल मिलाकर उनका प्रदर्शन फीका ही रहा है।

### न्यूजीलैंड टूर्नामेंट में पहली बार कोलंबो में खेलेगा

न्यूजीलैंड इस टूर्नामेंट में पहली बार कोलंबो में खेलेगा जिससे यह और मुश्किल हो सकता है। इसके विपरीत पाकिस्तान ने विश्व कप की शुरुआत से ही यहां की है और वह पहले प्रेमदासा में दो मैच खेल चुका है। पाकिस्तान के गेंदबाज, खासकर स्पिनर इस धीमी पिच पर असरदार होने के लिए लेंथ और रफ्तार जानते हैं, जहां शॉट लगाने के लिए हिम्मत से ज्यादा समझदारी की जरूरत होती है। इसलिए एलेन और सिफर्ट की पावरप्ले की धमाकेदार बल्लेबाजी में न्यूजीलैंड के मध्यक्रम का साथ चाहिए ताकि वे अपनी टीम को लगभग 180 या इससे ज्यादा के स्कोर तक पहुंचा सकें।

### पाकिस्तान और न्यूजीलैंड में आज शाम 7 बजे से भिड़ंत



### बल्लेबाजी में पाकिस्तान की अपनी चिंता

पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक, अबरार अहमद, सैम अयूब, मोहम्मद नवाज और शादाब खान उसे बढ़त दिलाते हैं लेकिन बल्लेबाजी में उनकी भी अपनी चिंता हैं। टूर्नामेंट में पाकिस्तान के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले साहिबजादा फरहान (220) के बाद शादाब खान (88) दूसरे नंबर पर हैं। पाकिस्तान के बल्लेबाजों को न्यूजीलैंड जैसी अनुभवी टीम के खिलाफ मिलकर बड़ा योगदान देना होगा। लेकिन पाकिस्तान प्रबंधन को बाबर आजम (चार मैचों में 66 रन) से ज्यादा चिंता किसी और बात की नहीं है क्योंकि यह पूर्व कप्तान टी20 बल्लेबाजों की जरूरतों को समझने में जूझ रहा है। अगर बाबर एक बार और लड़खड़ाते हैं तो पाकिस्तान प्रबंधन फखर जमां जैसे किसी और खिलाड़ी को ला सकता है, जो ग्रुप चरण के मैच में बेंच पर ही बैठे रहे।


### टीमें इस प्रकार

**पाकिस्तान** : सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, फखर जमां, ख्वाजा नफे, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान, सैम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, शादाब खान, उस्मान खान, उस्मान तारिक।

**न्यूजीलैंड** : मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलेन, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, डेरिल मिचेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, टिम सिफर्ट, ईश सोढ़ी, कोल मैककॉन्ची।

**मैच** : शाम 7 बजे शुरू होगा।

## खबर संक्षेप



### दिल्ली मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे विजेंदर

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंदर सिंह और स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना रविवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से 11वीं कॉग्निजांट नई दिल्ली मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे। इस मैराथन में 30 हजार से ज्यादा लोगों के हिस्सा लेने की उम्मीद है और यह देश की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता से एक बनने वाली है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से प्रमाणित, 'एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेस' से मान्यता प्राप्त और विश्व एथलेटिक्स से स्वीकृत यह मैराथन वैश्विक एथलेटिक कैलेंडर में अपनी जगह मजबूत कर रही है। इस चरण में 31 देशों, 490 शहरों और भारत के 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लोग हिस्सा लेंगे, जिसका आयोजन चार वर्ग फुल मैराथन, हाफ मैराथन, 10के और 5के में किया जाएगा भारत का प्रतिनिधित्व एक एलीट टीम करेगी, जिसमें अनीश थापा, एबी बेलियप्पा, मान सिंह, अक्षय सैनी, टी गोपी, भागीरथी बिष्ट, निरमाबेन ठाकोर भारतजी, अश्विनी मदन जाधव, डिस्केट डोलमा और स्टैंजिन डोलकर शामिल हैं।

### 'अंडरडॉग' के बावजूद हम सहज : इब्राहिम



**कोलंबो।** जिम्बाब्वे के सहायक कोच डॉयन इब्राहिम ने कहा कि भारत के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच से पहले वे छुपेरुस्तम (अंडरडॉग) कहे जाने के बावजूद सहज हैं और उनकी टीम ने तैयारी में सभी चीजें सही की हैं। इब्राहिम ने यह भी कहा कि उनकी टीम के लिए यह भी जरूरी यह है कि इस मौके पर वे घबराएं नहीं। जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को छह विकेट से हराकर ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल किया। सुपर आठ चरण में जिम्बाब्वे का सामना मौजूदा चैंपियन भारत, दो बार के चैंपियन वेस्टइंडीज और 2024 के फाइनल में पहुंचे दक्षिण अफ्रीका से होगा। इब्राहिम ने कहा, 'मुझे लगता है कि रैंकिंग और हर दूसरा पैमाना हमें छुपारुस्तम ही बताएगा, जो बिल्कुल ठीक है।

### एफआईएच प्रो लीग: भारतीय टीम की नजरें वापसी पर



**होबार्ट।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम घरेलू मैदान पर बुरी तरह हारने के बाद शनिवार को यहां स्पेन के खिलाफ मैच के साथ एफआईएच प्रो लीग के विदेशी चरण की शुरुआत में नए कप्तान हार्दिक सिंह के नेतृत्व में वापसी करने और एक नई शुरुआत करने के लिए बेताब होगी। सीरीज का होबार्ट चरण 25 फरवरी तक तस्मानिया हॉकी सेंटर में होगा, जिसमें मेजबान ऑस्ट्रेलिया भी शामिल है।

## वुमैन्स राइजिंग स्टार्स एशिया कप : श्रीलंका ए को 5 विकेट से हराया, राधा ने किया हरफनमौला प्रदर्शन

# भारतीय गेंदबाजों ने श्रीलंका की बल्लेबाजी को किया तहस-नहस, फाइनल में एंट्री




एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

कप्तान राधा यादव ने शानदार हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए भारत ए की टीम को शुक्रवार को श्रीलंका ए पर 5 विकेट से जीत दिलाकर वुमैन्स राइजिंग स्टार्स टी20 एशिया कप के फाइनल में पहुंचा दिया।

श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन यह उस पर भारी पड़ गया। राधा की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने उसके बल्लेबाजी लाइन-अप को तहस-नहस कर उन्हें 118 रन पर आउट कर दिया।

बाएं हाथ की स्पिनर राधा ने 19 रन देकर 4 विकेट लिए। राधा को एक और बाएं हाथ की स्पिनर तनुजा कंवर (20 रन देकर 2 विकेट) और लेग स्पिनर प्रेमा रावत (9 रन देकर 2 विकेट) का अच्छा साथ मिला।

### राधा यादव ने पहले झटके 4 विकेट, फिर 18 गेंद में ठोके 31 रन




### भारतीय गेंदबाजों ने सेमीफाइनल में दिखाया दम

सेमीफाइनल मैच में इंडिया ए वुमेंस टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। इस मुकाबले में श्रीलंका की ए टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ श्रीलंका महिला टीम के बल्लेबाज रन बनाने के लिए संघर्ष करते हुए दिखे। श्रीलंका की पूरी टीम 19.4 ओवर में सिर्फ 118 रन पर ढेर हो गई। लंका की पारी में सबसे ज्यादा रन संजना कविंदी ने बनाए, उन्होंने 35 गेंदों में 31 रन की धीमी पारी खेली। वहीं, शशिनी गिम्हानी ने 17 गेंदों में 22 रन की तेज पारी खेली। उनके अलावा हंसिमा करुणारत्ने ने 14 रन और सथ्या संदीपनी ने 15 रनों का योगदान दिया। भारत की गेंदबाजी की बात करें तो वहां कप्तान राधा यादव ने 3.4 ओवर में 19 रन देकर 4 विकेट चटकाए। वहीं, प्रेमा रावत ने 4 ओवर में सिर्फ 9 रन देकर 2 विकेट लिए। तनुजा कंवर ने भी 2 विकेट झटके।

### वृंदा ने बनाए 42 रन

लक्ष्य का पीछा करते समय भारत ने एक समय 21 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन इसके बाद उसे ज्यादा परेशानी नहीं हुई। टीम के लिए वृंदा दिनेश 42 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। लेकिन राधा ने बल्लेबाजी में योगदान करते हुए 18 गेंदों पर सात चौकों की मदद से नाबाद 31 रन बनाए, जिससे भारत ने 13.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। फाइनल में भारत का सामना बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच शुक्रवार को होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 22 फरवरी को खेला जाएगा।

# बांग्लादेश 'ए' ने जीता मुकाबला टूटा पाकिस्तानी टीम का सपना

### फाइनल में भारत से मुकाबला



एजेंसी ▶▶| बैंकाक

बांग्लादेश 'ए' ने महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स के फाइनल का टिकट कटा लिया है। टेर्डथाई क्रिकेट ग्राउंड पर शुक्रवार को खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में बांग्लादेश 'ए' ने पाकिस्तान 'ए' को 54 रनों से हरा दिया। इस हार के साथ ही पाकिस्तान का फाइनल खेलने और खिताब जीतने का सपना टूट गया। फाइनल में बांग्लादेश की भिड़ंत भारतीय टीम के साथ 22 फरवरी को होगी।

### बांग्लादेश की शुरुआत खराब

टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही। टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। पूरी टीम सिर्फ 110 रन पर सिमट गई। बांग्लादेश के लिए कप्तान फहीमा खातून ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 32 गेंदों में 40 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी पारी के दौरान फहीमा ने 5 चौके जमाए। उन्हें दूसरे छोर से बाकी बल्लेबाजों का साथ नहीं मिल सका। शर्मिन सुल्ताना ने 15 रनों का योगदान दिया, जबकि शमिमा ने 13 रन बनाए। गेंदबाजी में पाकिस्तान की ओर से कप्तान हफ्सा खालिद ने 4 ओवर में सिर्फ 25 रन देकर 2 विकेट लिए।

### पाकिस्तानी बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह बिखरी

*111 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम का बल्लेबाजी क्रम ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। पाकिस्तान की ओर से सिर्फ तीन ही बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार कर सकीं। पूरी टीम 56 रन पर ऑलआउट हो गई। सर्वाधिक 14 रन शावाल जुल्फिकार के बल्ले से आए। हफ्सा ने 15 गेंदों में 12 रन बनाए। गेंदबाजी में बांग्लादेश की ओर से संजीदा अख्तर मेघला ने 3.3 ओवर में 6 रन देकर 3 विकेट लिए। फहीमा खातून ने 6 रन देकर दो विकेट लिए।*

## महिला टी20 क्रिकेट

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वापसी के इरादे से उतरेगीं भारत की महिला ब्रिगेड



एजेंसी ▶▶| एडिलेड

भारतीय महिला टीम को अगर ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर पहली बार ऐतिहासिक श्रृंखला जीतनी है तो उसकी बल्लेबाजों को शनिवार 21 फरवरी को तीसरे और आखिरी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में मेजबान टीम की अनुभवी गेंदबाजी इकाई के खिलाफ एकजुट होकर आक्रामक प्रदर्शन करना होगा।

भारतीय महिला टीम अभी तक ऑस्ट्रेलिया में तीनों प्रारुपों में कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं जीत पाई है। इसे बदलने के लिए भारत को यहां बेहतर बल्लेबाजी की जरूरत है, जिसकी शुरुआत सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा से होगी।

### टीमें इस प्रकार

**भारत** : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, भारती फूलमाली, क्रांति गौड़, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमालिनी, अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, स्नेह राणा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा।

**ऑस्ट्रेलिया**: सोफी मोलिनू (कप्तान), तहलिया मैकग्रा, डार्सी ब्राउन, निकोला कैरी, किम गार्थ, ग्रेस हैरिस, फोबे लिचफील्ड, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगान शुट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहम।

मैच दोपहर 1.45 बजे शुरू होगा।

### एडिलेड की पिच कैनबरा के मुकाबले अलग

एडिलेड की पिच कैनबरा की पिच के मुकाबले अलग है और भारतीय बल्लेबाजों को यहां अपने पिक-अप शॉट्स पर भरोसा करना चाहिए। एक बेहतरीन आउटफील्ड भी बल्लेबाजी के लिए बेहतर है। कप्तान हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स और ऋचा घोष को बल्ले पर आती गेंद पसंद है और उन्हें यहां कुछ मदद मिलने की उम्मीद है। हालांकि मैदान की सतह चिकनी होने से जिम्मेदारी भारतीय तेज गेंदबाजों रेणुका सिंह, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़ और अमनजोत कौर पर होगी कि वे अपनी लाइन एवं लेंथ में स्थिर रहें क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज किसी भी ढील का आसानी से फायदा उठा सकती हैं।

**जॉर्जिया वोल सबसे बड़ा खतरा** : युवा खिलाड़ी जॉर्जिया वोल सबसे बड़ा खतरा हो सकती हैं, जिन्होंने अब संन्यास ले चुकी मेग लैनिंग और एलिसा हीली के जाने के बाद पारी के आगाज की भूमिका को जिम्मेदारी से संभाला है। इनकी जगह भरना बहुत बड़ी बात है लेकिन 22 साल की यह खिलाड़ी अब तक कमाल की रही है।

# नॉटिंघम फॉरेस्ट ने फेनरबाचे को 3-0 से हराया

एजेंसी ▶▶| लंदन

नॉटिंघम फॉरेस्ट फुटबॉल क्लब ने यूरोपा लीग प्लेऑफ के पहले चरण में फेनरबाचे पर 3-0 से जीत हासिल की। फॉरेस्ट के लिए डिफेंडर मुरिलो, फॉरवर्ड इगोर जीसस और कप्तान मोर्गन गिब्स वाइट ने एक-एक गोल अपनी टीम को जीत दिलाई, जिसमें विटोर परेरा ने अपने पहले ही मैच में प्रभावित किया। वहीं सेल्टिक के मैनेजर मार्टिन ओनील को अपने करियर के 1,000वें मैच में स्टुटगार्ट से 1-4 से हार मिली। विक्टोरिया प्लजन ने एथेंस में पैनाथिनाइकोस के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला। चैंपियंस लीग की तरह लीग चरण में शीर्ष आठ टीम स्वतः ही अंतिम 16 में पहुंच गई जबकि नौ से 24 नंबर की टीम दो चरण के प्लेऑफ में खेलेंगी। दूसरा चरण अगले गुरुवार को होना है।

### यूरोपा लीग



### अनुभव तभी आता है जब बड़ी टीम से खेलते हैं : राशिद खान

चेन्नई। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने अपने आखिरी ग्रुप मैच में कनाडा को हराकर टी20 विश्व कप से शानदार तरीके से विदा लेने के बाद कहा कि क्रिकेट खेलने वाले मजबूत देशों के साथ और द्विपक्षीय श्रृंखलाएं होनी चाहिए क्योंकि इनसे अनुभव मिलता है। अफगानिस्तान ने टूर्नामेंट रोमांचक क्रिकेट खेला और एक मुकाबले में स्कोर बराबर होने के बाद दूसरे सुपर ओवर में दक्षिण अफ्रीका से हार गया। हालांकि स्पिन गेंदबाजी के इस दिग्गज ने कहा कि अगर अफ़गानिस्तान को नियमित रूप से क्रिकेट खेलने वाले मजबूत देशों के खिलाफ मौके मिलते हैं तो वह काफी आगे बढ़ सकता है। राशिद ने कहा, ' कुछ विभाग में सुधार की जरूरत है। बड़ी टीमों के खिलाफ मध्यक्रम बल्लेबाजी बिखर गई और डेथ ओवर में गेंदबाजी में भी सुधार चाहिए। पर यह सुधार तब होता है जब आप द्विपक्षीय सीरीज में बड़ी टीमों के साथ खेलते हैं।' राशिद ने कहा, ' हम (टूर्नामेंट के लिए) अच्छी तरह तैयार थे। हमने जबरदस्त क्रिकेट खेला। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच ने सच में सभी को दुखी किया। हमें उन (पहले दो) मैचों में से एक में जीत दर्ज करनी थी और देखना था कि टूर्नामेंट कैसा होता है। हम इस विश्व कप से सकारात्मक चीजें लेकर आगे बढ़ेंगे। '

## राजस्थान रॉयल्स ने शेयर किया वीडियो

# वैभव का दमदार शॉट, तोड़ दिया पानी का पाइप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट में उभरते सितारे के तौर पर तेजी से पहचान बना रहे वैभव सूर्यवंशी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी और लंबी हिट लगाने की क्षमता के कारण वे पहले ही क्रिकेट प्रेमियों के बीच चर्चा का विषय बने हुए हैं। अब उनकी आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स ने एक वीडियो साझा किया है, जिसमें प्रैक्टिस के दौरान उनका जोरदार शॉट पानी का पाइप तोड़ देता है। यह क्लिप सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।

### प्रैक्टिस सेशन में दिखी जबरदस्त ताकत

राजस्थान रॉयल्स द्वारा शेयर किए गए वीडियो में बाएं हाथ के बल्लेबाज वैभव



सूर्यवंशी नेट्स में अभ्यास करते नजर आ रहे हैं। एक गेंद पर उन्होंने स्क्वायर लेग की दिशा में जोरदार पुल शॉट खेला। गेंद इतनी ताकत से गई कि पास लगा पानी का पाइप टूट गया। यह दृश्य उनकी पावर-हिटिंग क्षमता का शानदार उदाहरण है। कोचिंग स्टाफ और साथी खिलाड़ी भी इस शॉट को देखकर हैरान रह गए।

### आईपीएल में धमाकेदार प्रदर्शन

वैभव ने आईपीएल 2025 सीजन में अपने आक्रामक खेल से खास पहचान बनाई। मेगा ऑक्शन में राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें 1.1 करोड़ रुपए में खरीदा था, जिससे वे आईपीएल इतिहास के सबसे कम उम्र के खिलाड़ियों में शामिल हो गए। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ मुकाबले में 14 साल की उम्र में उन्होंने टी20 क्रिकेट में शतक जड़कर नया कीर्तिमान बनाया। वे आईपीएल में सबसे कम उम्र में अर्धशतक और शतक लगाने वाले भारतीय बने।

### अंडर-19 वर्ल्ड कप में रिकॉर्डतोड़ पारी

वैभव सूर्यवंशी ने हाल ही में अंडर-19 वर्ल्ड कप के फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 175 रन की ऐतिहासिक पारी खेली। हरारे में खेले गए इस मुकाबले में उन्होंने सिर्फ 80 गेंदों में 15 चौके और 15 छक्के लगाए। यह अंडर-19 वर्ल्ड कप के इतिहास में किसी बल्लेबाज का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। पूरे टूर्नामेंट में उन्होंने सात मैचों में 439 रन बनाए, जिसमें एक शतक और तीन अर्धशतक शामिल रहे।

### छक्कों की बारिश, तोड़े कई रिकॉर्ड

टूर्नामेंट के दौरान वैभव ने कुल 30 छक्के लगाए, जो अंडर-19 वर्ल्ड कप इतिहास में एक नया रिकॉर्ड है। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस ने 2022 संस्करण में 18 छक्के लगाए थे। उनका स्ट्राइक रेट 169 से अधिक रहा, जो दर्शाता है कि वे केवल रन बनाने में ही नहीं, बल्कि तेज गति से रन जुटाने में भी माहिर हैं। अंडर-19 वनडे में वे भारत के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शामिल हो चुके हैं।

### आईएमएफ की जॉर्जीवा ने कहा, भारत को लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी


# एआई से वैश्विक वृद्धि 0.8 प्रतिशत बढ़ेगी नौकरियों के लिए उच्च जोखिम भी मौजूद

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलिना जॉर्जीवा ने शुक्रवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) वैश्विक आर्थिक वृद्धि को 0.8 प्रतिशत तक बढ़ा सकती है और भारत के 'विकसित भारत' बनने के लक्ष्य को हासिल करने में मदद कर सकती है। जॉर्जीवा ने चेतावनी भी दी कि एआई से नौकरियां कम होने और वित्तीय स्थिरता पर जोखिम भी उत्पन्न हो सकते हैं। जॉर्जीवा ने यहां आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में कहा कि वह एआई को लेकर आशावादी हैं, लेकिन इसके प्रभाव को अत्यधिक सकारात्मक दिखाने से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एआई को अच्छाई की ताकत या बुराई की ताकत के रूप में इस्तेमाल किए जाने के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है।



- जॉर्जीवा ने चेतावनी भी दी, नौकरियां कम होने से वित्तीय स्थिति पर जोखिम
- एआई का प्रभाव अत्यधिक सकारात्मक दिखाने से सावधान रहे
- एआई वैश्विक आर्थिक वृद्धि को लगभग एक प्रतिशत अंक तक बढ़ा सकता है



*वैश्विक असमानता बढ़ने का खतरा : जॉर्जीवा ने कहा कि सबसे पहले, एआई से कुछ देशों के पास प्रौद्योगिकी होने और कुछ देशों के पास न होने के कारण वैश्विक असमानता बढ़ने का खतरा है। दूसरा, यह वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम पैदा कर सकता है, क्योंकि एआई अनियंत्रित होने पर वित्तीय बाजारों में संकट पैदा कर सकता है।*

*40 प्रतिशत नौकरियां होंगी प्रभावित : हम वास्तव में श्रम बाजार पर एआई के प्रभाव को एक 'सुनामी' की तरह देख रहे हैं। वैश्विक स्तर पर लगभग 40 प्रतिशत नौकरियां एआई से प्रभावित होंगी।*

#### जोखिम के प्रति सचेत रहना होगा

जॉर्जीवा ने कहा कि एआई उन देशों के लिए अधिक अवसर पैदा करता है जो डिजिटल बुनियादी ढांचा, कौशल विकास और एआई को तेजी से अपनाने में आगे हैं। उन्होंने कहा कि देशों को जोखिमों के प्रति सचेत रहते हुए अवसरों को अपनाना चाहिए। उन्होंने एआई से जुड़े तीन प्रमुख जोखिमों को गिनाते हुए कहा, /''मैं एआई को लेकर बहुत आशावादी हूं। हालांकि मैं बहुत भोली भी नहीं हूं, इससे काफी जोखिम भी जुड़े हैं।/''


#### दस में से एक नौकरी के लिए कौशल की जरूरत

आईएमएफ के एक अध्ययन के मुताबिक, एआई के कारण अमेरिकी श्रम बाजार पर असर पड़ रहा है। अमेरिका में हर दस में से एक नौकरी के लिए अब अतिरिक्त कौशल की जरूरत है और इस कौशल से लैस लोगों को बेहतर वेतन मिलता है। जॉर्जीवा ने कहा, /''जब लोगों के पास ज्यादा पैसे होंगे, तो वे स्थानीय सेवाओं पर खर्च करेंगे। वे रेस्तरां, मनोरंजन आदि में जाएंगे, जिससे कम-कौशल वाले कर्मचारियों की मांग बढ़ेगी।

*समझने लचीला रुख अपनाना होगा जॉर्जीवा ने कहा कि आईएमएफ देशों के साथ मिलकर यह समझने का काम जारी रखेगा कि एआई में क्या बदलाव हो रहे हैं और भविष्य की नीतियों के लिए इसे कैसे आकार दिया जा सकता है।*

## शेयर बाजार में तेजी लौटी सेंसेक्स 316 अंक उछला

एजेंसी ▸▸ मुंबई



- बैंकिंग और धातु शेयरों में खरीदारी निकली
- निफ्टी 25,550 अंक के हुआ पार

शेयर बाजारों में शुक्रवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 316 अंक की बढ़त के साथ जबकि निफ्टी 25,550 के पार बंद हुआ। बैंकिंग और धातु शेयरों में खरीदारी, व्यापार समझौते में प्रगति को लेकर आशावाद के साथ 'पैक्स सिलिका' में भारत की भागीदारी की खबरों से बाजार को समर्थन मिला।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 316.57 अंक यानी 0.38 प्रतिशत चढ़कर 82,814.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 633.94 अंक बढ़कर 83,132.08 अंक तक पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 116.90 अंक यानी 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,571.25 अंक पर बंद हुआ। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''भारतीय शेयर बाजारों ने एक दिन पहले की भारी गिरावट के बाद जोरदार वापसी की। बड़े शेयरों में मजबूत खरीदारी देखने को मिली। व्यापार समझौते को लेकर स्पष्ट संकेतों और 'पैक्स सिलिका' में भारत के प्रवेश से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है।''

#### एनटीपीसी, मारुति में रही तेजी

शुक्रवार को सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से एनटीपीसी, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावरग्रिड, टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बजाज फाइनेंस, टाइटन, मारुति सुजुकी इंडिया, एक्सिस बैंक और इंडिगो के शेयर में सबसे अधिक तेजी रही।

#### इंफोसिस के शेयर में नुकसान दर्ज

दूसरी तरफ, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, इटर्नल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और अदाणी पोर्ट्स के शेयर नुकसान में रहे।

## सरकार ने निर्यात को बढ़ावा देने सात उपायों की घोषणा की

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- ये उपाय 25,060 करोड़ रुपए के निर्यात प्रोत्साहन मिशन का हिस्सा

सरकार ने देश के निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को सात उपायों की घोषणा की जिनमें ई-कॉमर्स निर्यातकों के लिए ऋण सहायता एवं वैकल्पिक व्यापार साधनों को समर्थन शामिल है।
ये उपाय 25,060 करोड़ रुपये के निर्यात प्रोत्साहन मिशन का हिस्सा हैं। इस मिशन के 10 में से तीन घटकों को जनवरी में पहले ही लागू किया जा चुका है। डिजिटल माध्यम से निर्यात करने वालों को समर्थन देने के लिए वाणिज्य मंत्रालय ने ब्याज अनुदान एवं आंशिक ऋण गारंटी के साथ ऋण सुविधाएं शुरू करने की घोषणा की है।'डायरेक्ट ई-कॉमर्स क्रेडिट' सुविधा के तहत 50 लाख रुपये तक सहायता 90 प्रतिशत गारंटी कवरेज के साथ उपलब्ध होगी। 'ओवरसीज इन्वेंटरी क्रेडिट' सुविधा के अंतर्गत पांच करोड़ रुपये तक सहायता 75 प्रतिशत गारंटी कवरेज के साथ दी जाएगी। इस पर 2.75 प्रतिशत ब्याज अनुदान मिलेगा जो प्रति आवेदक सालाना अधिकतम 15 लाख रुपये तक सीमित रहेगा।

#### वार्षिक सीमा 25 लाख रुपये होगी

इसके तहत, पात्रता परीक्षण, निरीक्षण और प्रमाणन खर्चों के लिए 'पॉजिटिव लिस्ट' के तहत 60 प्रतिशत और 'प्रायोरिटी पॉजिटिव लिस्ट' के तहत 75 प्रतिशत की आंशिक प्रतिपूर्ति प्रदान की जाएगी जिसकी वार्षिक सीमा 25 लाख रुपये होगी।

#### सहायता अधिकतम तीन वर्ष के लिए

लॉजिस्टिक समर्थन के तहत निर्यातकों को विदेशी गोदाम जैसी अवसंरचनाओं तक पहुंच प्रदान की जाएगी। स्वीकृत परियोजना लागत की 30 प्रतिशत तक सहायता अधिकतम तीन वर्षों के लिए दी जाएगी, जो निर्धारित सीमाओं एवं एमएसएमई भागीदारी मानदंडों के अधीन होगी। इसकी वार्षिक सीमा प्रति निर्यातक 20 लाख रुपये होगी।

## सोना 850 रुपए चढ़कर 1.59 लाख रुपए पर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- चांदी 2.64 लाख रुपये पर स्थिर

मजबूत वैश्विक रुख के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 850 रुपये बढ़कर 1,59,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जबकि चांदी 2.64 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित रही।

99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार को 1,58,650 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) पर बंद हुई थी। हालांकि, शुक्रवार को चांदी की कीमतें 2,64,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित रहीं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 30.83 डॉलर यानी 0.62 प्रतिशत बढ़कर 5,027.13 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी 2.55 प्रतिशत बढ़कर 80.5 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। कोटक सिक्योरिटीज के जिंस शोध विभाग में सहायक उपाध्यक्ष कायनात चेनवाला ने कहा, ''सोना 5,020 डॉलर प्रति औंस से ऊपर पहुंच गया। जबकि संभावित अमेरिका-ईरान संघर्ष पर बढ़ती चिंताओं के कारण चांदी भी 81 डॉलर प्रति औंस के करीब पहुंच गई है।

*निवेशक सतर्कता बनाए हुए*

*चेनवाला ने कहा कि व्यक्तिगत खपत खर्च (पीसीई) से जुड़ी मुद्रास्फीति, चौथी तिमाही का जीडीपी और फ्लैश पीएमआई आंकड़ों सहित प्रमुख आर्थिक घोषणा से पहले निवेशक सतर्क रहे। लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में तेज अस्थिरता के बाद खरीदार, गिरावट के समय लिवाली के लिए कदम बढ़ा रहे हैं।*

#### एआई प्रशिक्षण के लिए आईबीएम के साथ करार

**नयी दिल्ली/ अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी आईबीएम के साथ एक साझेदारी की घोषणा की, जिसके तहत राज्य के एक लाख युवाओं को एआई, साइबर सुरक्षा और क्वांटम कंप्यूटिंग में प्रशिक्षित किया जाएगा। शिक्षार्थियों को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप कौशल प्राप्त होगा,राष्ट्रीय राजधानी के 'भारत मंडपम' में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में शिरकत करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि शुक्रवार को ही आईबीएम की वरिष्ठ उपाध्यक्ष एना पाउला और अन्य अधिकारियों के साथ एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए गए।

## श्री स्वास्तिक ग्रुप के नए प्रोजेक्ट 'फॉरेस्टा' की भव्य लॉन्चिंग कल

**रायपुर।** श्री स्वास्तिक ग्रुप द्वारा अपने बहुप्रतीक्षित नए प्रोजेक्ट 'फॉरेस्टा' की भव्य लॉन्चिंग 22 फरवरी को पुरानी धमतरी रोड, टेकारी, रायपुर में की जाएगी। श्री स्वास्तिक ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर सुनील साहू के अनुसार, यह प्रोजेक्ट आधुनिक सुविधाओं, प्रीमियम लोकेशन और उच्च गुणवत्ता के निर्माण मानकों के साथ विकसित किया जा रहा है, ताकि ग्राहकों को सुरक्षित और लाभकारी निवेश का अवसर मिल सके। तेजी से विकसित हो रहे टेकारी क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी और सुव्यवस्थित प्लानिंग इसे आवासीय और निवेश दोनों दृष्टि से उपयुक्त बनाती है।
प्रोजेक्ट 'फॉरेस्टा' में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अनेक अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इनमें भव्य प्रवेश द्वार, कंक्रीट रोड, कवर्ड कैंपस, सीसीटीवी सर्विलांस, अंडरग्राउंड ड्रेनेज एवं सीवरेज सिस्टम, अंडरग्राउंड केबलिंग और आकर्षक लैंडस्केप गार्डन शामिल हैं। साथ ही भव्य बैंक्विट हॉल, मल्टीपर्पज कोर्ट, स्विमिंग पूल, अत्याधुनिक जिम, योग, एरोबिक्स एवं मेडिटेशन ज़ोन, इंडोर एवं आउटडोर गेम्स तथा वॉकिंग ट्रैक जैसी प्रीमियम सुविधाएं शामिल हैं।



#### प्राइम लोकेशन पर प्रॉपर्टी खरीदने का सुनहरा अवसर

लॉन्चिंग अवधि के दौरान ग्राहक अपनी पसंद के प्लॉट साइज 2000 से 6000 तक की बुकिंग कर सकते हैं। मैनेजिंग डायरेक्टर ने बताया कि यह अवसर विशेष रूप से उन लोगों के लिए है, जो कम कीमत में बेहतरीन लोकेशन पर प्रॉपर्टी खरीदना चाहते हैं। समूह का कहना है कि टेकारी जैसी उभरती लोकेशन में यह प्रोजेक्ट भविष्य में भी अत्यंत लाभदायक सिद्ध होगा।

## वीआईटी के वाइस प्रेसिडेंट शंकर विश्वनाथन को मानद डॉक्टरेट



**वेल्लोर।** वीआईटी के वाइस प्रेसिडेंट शंकर विश्वनाथन को थाईलैंड की राजमंगला यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी क्रुंगथेप (आरएमयूटीके) द्वारा इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (मानद) की उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान विश्वविद्यालय परिषद की सर्वसम्मत स्वीकृति के बाद प्रदान किया गया।

यह उपाधि शंकर के दूरदर्शी नेतृत्व, पेशेवर उपलब्धियों और इंजीनियरिंग व टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान की मान्यता स्वरूप दी गई।








हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com